

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

TITLE CODE :UPHIN49919

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 01 अंकः 286 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 24 जुलाई 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज:12 मूल्य 05 रुपया

## दिल्ली प्रदेश भाजपा का उप– मुख्यमंत्री के घर के बाहर जबरदस्त प्रदर्शन

(हरेश उपाध्याय, नीरज अवस्थी)

दिल्लीः-दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता और विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी व उप नेता प्रतिपक्ष मोहन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली इकाई ने नई आबकारी नीति के खिलाफ नई दिल्ली मथुरा रोड स्थित उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर के बाहर जबरदस्त प्रदर्शन किया। इस दौरान बैरिकेड तोड़ने के कारण पुलिस ने आदेश गुप्ता व उक्त नेताओं सहित कई कार्यकताओं को हिरासत में ले लिया। लेकिन प्रदेश भाजपा नेतृत्व को केजरीवाल सरकार की आबकारी नीति में गड़बड़झाला के खिलाफ जनता का पूरा समर्थन मिला। आदेश गुप्ता, रामवीर सिंह बिधूड़ी व मोहन सिंह बिष्ट ने जब प्रदर्शनकारियों को




संबोधित किया तो जनता का जोश और आक्रोश सातवें आसमान पर था। ज्ञातव्य हो कि शुक्रवार को दिल्ली के उपराज्यपाल ने केजरीवाल सरकार के खिलाफ कड़ा कदम उठाया था। एलजी विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली सरकार की एक्साइज पॉलिसी के खिलाफ सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं।केजरीवाल सरकार पर नई आबकारी नीति के तहत शराब की दुकानों के टेंडर में गड़बड़ी का आरोप है। आरोप है कि नई आबकारी नीति में नियमों की अनदेखी करते हुए शराब की दुकानों के टेंडर दिए गए।

## कथित पुलिसिया बर्बरता के शिकार नेहा से मिलने पहुंचे चिराग पासवान

### पीड़ित परिवार से मिल चिराग ने की दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग

कौआकोल। कौआकोल थाना क्षेत्र के सरौनी गांव में 17 जुलाई को अनुसूचित जाति की एक परिवार के घर में रात के अंधेरे में घुसकर एक लड़की के साथ कथित रूप से की गई बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की घटना के बाद शनिवार को लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जमुई के सांसद चिराग पासवान शनिवार को सरौनी पहुंच पीड़ित परिवार से मुलाकात किया। इस दौरान चिराग ने पीड़ित नेहा से घटना की पूरी दास्तां सुनी एवं घटना पर पुलिस के प्रति काफी नाराजगी प्रकट की। उन्होंने आश्चर्य जताते हुए कहा कि एक सम्मानित व्यक्ति के घर में रात्रि 12:30 बजे सिर्फ शक के आधार पर प्रशासन बगैर महिला पुलिस के दरवाजा तोड़कर घर मे घुस जाती है और अकेली लड़की के साथ गाली गलौज एवं मारपीट करती है,तो वास्तव में यह घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे में गुंडे और पुलिस में अंतर



ही कहाँ रह जाता है। चिराग पासवान ने कहा कि इतना गंभीर मामले में नवादा पुलिस बेखबर है,जो बड़ा ही शर्म की बात है। इस दरम्यान महिला थाना प्रभारी नीलम कुमारी को जब पूर्व सांसद अरुण सिंह ने फोन किया और पूछा कि अभी तक पीड़िता का ऋक्षफ दर्ज क्यों नहीं हुआ है। तो महिला थानाध्यक्ष ने फोन काट दिया। चिराग पासवान ने यह भी कहा कि क्यों अभी तक ऋक्षफ दर्ज पुलिस ने नहीं किया। वहीं सांसद चिराग ने नवादा एसपी को भी फोन कर प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि घटना में जो भी दोषी हो,उस पर कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि इस घटना को लेकर वे मुख्यमंत्री, डीजीपी, आईजी एवं अन्य सभी लोगों मिलेंगे एवं हर हाल में पीड़ित नेहा को न्याय प्रदान करने का काम करेंगे। मौके पर पूर्व सांसद अरुण सिंह,प्रदेश अध्यक्ष शोभा देवी लोजपा (आर), प्रो,विष्णुदेव पासवान, संजय पासवान प्रधानमहासचिव लोजपा (आर), धीरेंद्र कुमार मुन्ना,मनोज कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष आदि मौजूद थे

## नवादा डीएम उदिता सिंह व पूर्व डीएम यशपाल मीणा के खिलाफ पटना हाइकोर्ट में अवमानना वाद

समाज जागरण नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)



नवादा डीएम उदिता सिंह और पूर्व डीएम यशपाल मीणा के खिलाफ पटना उच्च न्यायालय में अवमानना वाद (कंटेंप्ट ऑफ कोर्ट) दायर किया गया है। नवादा जिले के काशीचक प्रखंड के महरथ गांव में दो पोखरों की खोदाई में अनियमितता की जांच नहीं होने पर यह वाद दायर किया गया है।

तालाब खोदाई में अनियमितता की जांच का आदेश पटना उच्च न्यायालय द्वारा दिया गया था। जांच के लिए निश्चित समय सीमा तय की गई थी। निर्धारित अवधि में जांच नहीं किए जाने के वाद अवमानना वाद दायर किया गया है। जिसमें वर्तमान व पूर्व के डीएम को पक्षकार बनाया गया है। तालाब खोदाई में अनियमितता को लेकर महरथ ग्रामीण जितेंद्र कुमार सिंह और देव शरण प्रसाद द्वारा उच्च न्यायालय में दायर याचिका सीडब्लूजेसी 1139/22 पर सुनवाई के बाद 4 फरवरी को मुख्य न्यायाधीश संजय करोल की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय बेंच द्वारा जांच का आदेश पारित किया गया था। याचिका कर्ता की शिकायत थी कि तालाब खोदाई में अनियमितता बरती गई है। शिकायतों के बावजूद शासन-प्रशासन स्तर से जांच व कार्रवाई नहीं की गई थी। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश संजय करोल व न्यायाधीश एस कुमार द्वारा 4 फरवरी को जांच का आदेश पारित किया गया था। जांच के दायरे में सिर्फ महरथ का ही नहीं, बल्कि अन्य पोखर तालाब भी था। जांच में याचिकाकर्ता व उनके तकनीकी सहयोगी व कानूनी सलाहकार को भी शामिल होना था।

## हर घर में लहराएगा तिरंगा,कलेक्टर ने राष्ट्र ध्वज लगाने की अपील

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

जांजगीर चांपा। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 11 से 17 अगस्त 2022 तक हर घर झण्डा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिले में इस कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने अधिकारियों को विशेष तैयारी के निर्देश दिए हैं। राष्ट्र के प्रति गौरव और सम्मान के लिए गाँव से लेकर शहर तक हर घरों में तिरंगा फहराने के लिए उन्होंने सभी से अपील भी है। जिले में सभी नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। देश भक्ति की भावनाओं को विकसित करने के साथ देश के प्रति समर्पित रहने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर ने हर घर झण्डा कार्यक्रम अंतर्गत सतत मानिटरिंग के लिए सभी अधिकारियों



को शासन के दिशा-निर्देश अनुरूप अपने स्तर पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के अन्तर्गत सार्वजनिक उपक्रमों, स्व-सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि के समस्त कर्मचारियों एवं उनके परिवार की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है। कलेक्टर ने राष्ट्र ध्वज के मानकों का पालन करते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंचों एवं पंचायत के अन्य सदस्य एवं पदाधिकारियों की सहभागिता से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

उन्होंने कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय स्तर पर प्रत्येक गांव में झण्डा वितरण और बिक्री केन्द्र स्थापित करना, स्थानीय स्वसहायता समूह को झण्डों के निर्माण के लिए प्रोत्साहित एवं भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने झण्डे की खरीदी के लिए समूहों को प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए हैं। समस्त शासकीय भवनों एवं संस्थानों में झण्डा फहराना सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर ने पाम्पलेट, बैनर सहित अन्य प्रचार माध्यमों की सहायता से स्वतंत्रता सप्ताह में हर घर झण्डा कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में काम करने कहा है

# TMC मंत्री की करीबी अर्पिता गिरफ्तार,

## घर में मिला था नोटों का अंबार, पार्थ चटर्जी की तबीयत बिगड़ी

### प्रवर्तन निदेशालय ने टीएमसी मंत्री पार्थ चटर्जी करीबी अभिनेत्री अर्पिता मुखर्जी को गिरफ्तार कर लिया है. अभिनेत्री के घर से 21 करोड़ से ज्यादा की नकदी बरामद हुई

टीएमसी मंत्री पार्थ चटर्जी की करीबी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर लिया है. प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी में शुक्रवार को अर्पिता के आवासीय परिसर से लगभग 21 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश बरामद हुआ था. यह राशि पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग और पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड में भर्ती घोटाले से प्राप्त होने का संदेह है. सूत्रों ने बताया था कि टीएमसी मंत्री पार्थ चटर्जी अकसर अर्पिता मुखर्जी के घर जाते रहते थे. साथ ही यह भी खबर आई है कि पार्थ चटर्जी की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

*20 मोबाइल फोन भी बरामद*

ईडी के अधिकारियों ने टॉलीगंज के डायमंड सिटी परिसर में मुखर्जी के आलीशान आवास से कैश के साथ-साथ 20 मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं. अधिकारियों का मानना है कि ये मोबाइल फोन हइररउ और हइइढए में शिक्षक भर्ती घोटाले के लिए महत्वपूर्ण लिंक साबित हो सकते हैं. ईडी ने बयान में दावा किया है कि वह शिक्षक भर्ती घोटाले के संबंध में विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चला रही थी, इस दौरान बड़ी मात्रा में नकदी



जब्त की गई. पार्थ चटर्जी जहां एक बड़ा नाम हैं, वहीं अर्पिता मुखर्जी के बारे में इस कार्रवाई से पहले लोग ज्यादा नहीं जानते थे.

*मशीन से गिना कैश!*

ईडी ने कुछ बैंक अधिकारियों को कैश की गिनती करने के लिए बुलाया. ये अधिकारी नोट गिनने की मशीनों के साथ मुखर्जी के आवास पर पहुंचे. ईडी के सूत्रों ने बताया कि मुखर्जी का आवास उन 13 जगहों की शुरूआती सूची में नहीं था, जहां एजेंसी शुक्रवार सुबह से छापेमारी कर रही थी. हालांकि, छापेमारी के दौरान मुखर्जी का नाम सामने आया, जिसके बाद ईडी ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों के साथ उनके आवास पर पहुंचकर तलाशी और जब्ती अभियान शुरू किया. ईडी के अधिकारी वर्तमान में मुखर्जी से नकदी के स्त्रोत का पता लगाने के लिए पूछताछ कर रहे हैं, साथ ही उस उद्देश्य का भी पता लगाने के लिए जिसके लिए इतने सारे मोबाइल फोन इस्तेमाल किए गए थे.

*कौन हैं अर्पिता मुखर्जी?*

पार्थ चटर्जी की करीबी बताई जा रही अर्पिता मुखर्जी पेशे से अभिनेत्री हैं. जिन्होंने कुछ बंगाली, उड़िया और तमिल फिल्मों में छोटी भूमिकाएं की हैं. उनके फेसबुक बायो में लिखा है, 'एक प्रतिभाशाली बहुमुखी एक्टर, जिसने टॉलीवुड की कई फिल्मों में काम किया है.' उन्होंने बंगाली सुपरस्टार प्रोसेनजीत चटर्जी (2009 की फिल्म 'मामा भगने') और जीत (2008 की फिल्म 'पार्टनर') के साथ बंगाली फिल्मों में अभिनय किया है. वह 2019 और 2020 में पार्थ चटर्जी की दुर्गा पूजा समिति के प्रचार अभियानों का भी चेहरा थीं, जिन्हें नकटला उदयन संघ कहा जाता है. पार्थ चटर्जी की समिति कोलकाता की सबसे बड़ी दुर्गा पूजा समितियों में से एक है. सूत्रों के मुताबिक, पार्थ चटर्जी अक्सर अर्पिता मुखर्जी के आवास पर जाते थे. ईडी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत गैर-शिक्षण कर्मचारियों, शिक्षण कर्मचारियों और प्राथमिक शिक्षकों की कथित अवैध नियुक्ति की जांच कर रहा है.

## आर्मी जवान का व्हाट्सएप डीपी लगा कर बिजनेसमैन के अकाउंट से उड़ाया लाखों रुपए

समाज जागरण नवादा ,(आर्यन मोहन)

नवादाःसाइबर क्राइम का अजीब मामला नवादा में सामने आया है. नवादा में एक पेंट दुकानदार से साइबर अपराधियों ने लगभग एक लाख रुपये की ठगी कर ली जिसके बाद पीड़ित दुकानदार नगर थाना को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है।

दरअसल पुल पार स्थित नवादा पेंट्स एंड हार्डवेयर नामक दुकान के दुकानदार के पास एक रणदीप सिंह नामक व्यक्ति का कॉल आता है। जिस पर दुकानदार को लगभग 33 हजार रुपये के पेंट का आर्डर दिया जाता है और कहा जाता है कि आप पेंट को वीआईपी कॉलोनी के पास भेजवा दीजिए, मैं वहीं पर पेमेंट कर दूंगा. दुकानदार मोबस्सीर रज्जा पेंट को लेकर वीआईपी कॉलोनी के पास



पहुंचे तो दुकानदार उस व्यक्ति को कॉल करता है कि मैं वीआईपी कॉलोनी के पास आ गया हूं।

फजीर्वाड़ा कर रहे अपराधी ने कहा कि यूपीआई से आपका पेमेंट कर देता हूं। कुछ देर बाद वह दुकानदार के मोबाइल पर एक लिंक भेजता है जिसे क्लिक करने को कहा जाता है। लिंक को क्लिक करते ही दुकानदार के अकाउंट से पहले तो 2 हजार रुपये कट जाता है। फिर कई किश्तों में उसके खाते से लगभग एक लाख रुपये निकल जाता है। उसके बाद दुकानदार को समझ में आता है कि हम किसी साइबर फ्रॉड के चक्कर में पड़ गए हैं।

दुकानदार ने इसकी शिकायत साइबर क्राइम में कराई है।

## जनपद सभापति दामोदर कांत सेंट पाल हाई स्कूल के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में हुए शामिल

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

मस्तुरी। सेंट पाल हाई स्कूल बकरकुदा मे आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सभापति दमोदर कांत हुए शामिल। छात्र छात्राओं




को शिक्षा के प्रति अपना सुझाव मार्गदर्शन दिया साथ में शाला परिवार के डायरेक्टर दिलिप भार्गव, प्राचार्य अनिल आनंद,कार्यकारी प्राचार्य सनल टण्डन, धनपत, जांगड़े, स्वासोत्तम, राय,संदीप, रितू , ज्योती,नम्रता, यादव, मोनिका, अंजू, हिमानी, खांडे, सुमन शाला परिवार के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का किया शुभारंभ

### विवेकानंद विद्यापीठ, रायपुर द्वारा संस्कृति विभाग के सहयोग से सम्मेलन का आयोजन

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

रायपुर। स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें नमन किया और आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रामकृष्ण आश्रम, राजकोट के अध्यक्ष श्रीमत स्वामी निखिलेश्वरानंद जी ने की। संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विवेकानंद विद्यापीठ, रायपुर द्वारा संस्कृति विभाग के सहयोग से सम्मेलन का आयोजन किया गया। विवेकानंद विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने राज्यगीत और देशभक्ति पूर्ण गीत की संगीतमय प्रस्तुति दी।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज समाज मे स्वामी विवेकानंद जी के विचारों के प्रसार और उन्हें आत्मसात करने की जरूरत है। छत्तीसगढ़ से विवेकानंद जी का गहरा लगाव रहा है। कलकत्ता के बाद स्वामी विवेकानंद जी ने रायपुर में सबसे ज्यादा समय बिताया। स्वामी विवेकानंद जी के नाम पर रायपुर के एयरपोर्ट का नामकरण किया गया। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने संस्मरण बताया कि उन्होंने विपक्ष में रहते हुए रायपुर एयरपोर्ट का नाम विवेकानंद जी के नाम पर रखने के लिए विधानसभा में एक अशासकीय संकल्प लाया था। स्वामी विवेकानंद जी का व्यक्तित्व इतना विराट है कि उनके नाम पर पक्ष-विपक्ष के सदस्यों ने सहमति




व्यक्त की और संकल्प विधानसभा में पारित हुआ।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सम्मेलन में स्वामी रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद भावधारा के संबंध में कहा कि सब को जोड़ने की बात यदि किसी संत ने कही है तो वह रामकृष्ण परमहंस ने कही और उस बात को चरितार्थ करने का काम यदि किसी ने किया तो विवेकानंद जी ने किया। स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने कहा था कि आप किसी भी पद्धति से प्रार्थना करिए या पूजा करें, आप एक ही ईश्वर तक पहुंचेंगे। आप किसी भी रास्ते से चलिए आप पहुंचेंगे एक ही जगह पर। उन्होंने समानता की बात कही, जोड़ने की बात कही, यही हिंदुस्तान की ताकत है। भारत की धरती से अनेक धर्म निकले हैं। हमें सभी धर्मो का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने छत्तीसगढ़ में राम कृष्ण मिशन और विवेकानंद विद्यापीठ के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षा के प्रकाश से जोड़ने, मानव कल्याण का कार्य इन संस्थानों में किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में कहा कि स्वामी विवेकानंद का कहना था कि पश्चिम के विज्ञान को हमें स्वीकार करना होगा और भारत के अध्यात्म को पश्चिम को स्वीकार करना होगा तभी मानवता आगे बढ़ेगी। आजकल राजनीति करने वाले धर्म की बात कर रहे हैं और धार्मिक गुरु चुप बैठे हुए हैं। हम हिंदू हैं, हमें इस बात पर गर्व है लेकिन किसी और धर्म का अपमान करें यह उचित नहीं है। धर्म कभी घृणा की बात नहीं कर सकता। साधु संत के दो काम हैं, जगत का कल्याण और आत्म उन्नति यदि आपके मन में घृणा है तो आप साधु नहीं।

स्वामी निखिलेश्वरानंद जी ने अध्यक्षीय आसंदी से स्वामी विवेकानंद के कथन को दोहराते हुए युवाओं से कहा कि भारत को प्रेम करें और उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रूको। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युग द्दष्टा थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ में स्थापित होने वाले स्मारक के लिए हर संभव सहयोग देने की बात कही। विवेकानंद विद्यापीठ के सचिव डॉ. ओमप्रकाश वर्मा ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद विद्यापीठ के पदाधिकारी और सम्मेलन में शामिल हो रहे अतिथि और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे

## स्पोर्ट्स फॉर चेंज के नेशनल चैम्पियनशिप में भी कछौना के बच्चों का जलवा

दैनिक समाज जागरण

हरदोई। महाराष्ट्र के नागपुर में संपन्न स्पोर्ट्स फार चेंज के नेशनल चैम्पियनशिप में भी उत्तर प्रदेश की ओर से खेलते हुए कछौना के बेसिक शिक्षा के बच्चों ने जलवा बिखेरा। यहाँ के उच्च प्राथमिक विद्यालय लोन्हारा के पिंकेश को लम्बी कूद, साबरीन ऊंची कूद, उप्रावि पुरवा की शैली देवी ने गोल्ड जीता जबकि लोन्हारा के ही शकील और मुशीम को ब्रांज मिला है। पिंकेश को 50 हजार रुपए का शिवनाडर खेल स्कॉलरशिप भी मिला है। पिंकेश पिछले साल के राष्ट्रीय आय एवं



योग्यता आधारित छात्रवृत्ति का जिला टॉपर है। वहीं साबरीन ने कल आये परिणाम में यह छात्रवृत्ति परीक्षा भी पास की है।

विकास क्षेत्र माधोगंज के निधि ने भी बाल थ्रो में स्वर्ण जीता है। वहीं नगर हरदोई की गुंजन कश्यप ने लंबी कूद में रजत जीता।

एचसीएल ने अपने कार्यक्षेत्र के दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में खेल को बढावा देने के लिए जिला से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर कोचिंग और प्रतियोगिता का आयोजन करता है।

एथलेटिक्स के चारों पदक का श्रेय लोन्हारा के अनुदेशक आदर्श पटेल को जाता है।



## साधना पथ (भाग 205)



साधकों -- आज के समय में लोग कर्मकाण्ड तो करते हैं पर वे उसका महत्व नहीं समझते । आजकल प्रायः यह देखने को मिलता है कि हम जो मुख्य




कार्य है उसे मात्र प्रतीक के रुप में करते हैं और जो बाह्य दिखावा होता है अपनी सम्पूर्ण उर्जा उसी में नष्ट कर देते हैं । आजकल प्रायः देखने को मिलता है कि कोई भी संस्कार को सम्पन्न करने के लिए किए जाने वाली पूजा मात्र प्रतीकात्मक हो रही है । चाहे वह निष्क्रमण हो , यज्ञोपवीत हो या विवाह संस्कार । लगभग सभी में देवपूजन गौण हो गया है परन्तु उसके नाम पर व्यर्थ के खर्च करके , फालतू के ढकोसले करके अपना समय बरबाद कर रहे हैं । आजकल खान पान में कोई कटौती नहीं , गांजे बाजे में कोई कटौती नहीं परन्तु पूजन में सब कंजूसी करके उसे जल्द से जल्द समाप्त करने के लिए कहते देखें जा सकतू है । मेरा विचार है कि कि आप को यदि कर्मकांड पर श्रद्धा न हो तो न ही करें। क्योंकि कोई ही कार्य जब दिखावे के लिए किया जाता है तो उसका लाभ हमें नहीं मिल पाता ।

साधकों - हम कर्मकांड क्यूं करते हैं ? कर्मकांड के माध्यम से हमारा भाव होता है कि कर्मकाण्ड के द्वारा हम देवताओं को प्रसन्न करके अपने लिए , अपने बच्चों के लिए एवं देश समाज के कल्याण की कामना करते हैं । संस्कार में कर्मकाण्ड का भाव होता है कि यह संस्कार हमारा निर्विघ्न पूर्ण हो और और हमें देश समाज परि-वार के प्रति हमारे दायित्व को पूर्ण करने का साहस प्राप्त हो , हम संस्कारित हो । लेकिन आजकल आजकल हम देख रहे हैं कि हमारा ध्यान बाह्य आडम्बरमें ज्यादा है , हम कर्मकांड करते भी हैं तो हमें ऐसा लगता है कि यह औपचारिकता मात्र है । इस विषय पर हम यही कहना चाहता हूं कि , आजकल कर्मकाण्ड के प्रति उदासीनता एवं अविश्वास ही हमें संस्कार विहीन कर रहा है । हम यदि ईमानदारी से इसके भाव को समझें और इसको नियमपूर्वक योग्य विद्वान से सम्पन्न करावे तो निश्चय ही इसके मूल भाव को हम प्राप्त कर पायेंगे । यह कर्मकाण्ड मात्र औपचारिकता न होकर हमारे लिए लाभकारी होगा ।

## महिला राष्ट्रपति के चयन के संदर्भ में

संजीव-नी।
महिला शक्ति महान।

कम ना समझो
महिलाओं की शक्ति को,
मां दुर्गा के प्रति
इनकी भक्ति को।

दुश्मनों का नाश
करती मां भवानी
अलौकिक अद्भुत है
नारी हिंदुस्तानी।
घर परिवार मुख्य
धुरी है देश की नारी,
उसे कभी मत
समझो तुम बेचारी।

घर हो या बाहर
समान है उसकी शक्ति
धर्म में उनकी
कितनी है भक्ति।
बच्चों के प्रति
असीम है आसक्ति।

घर हो या ऑफिस
बराबर की भूमिका निभाती
समाज के विकास में भी महिलाएं
गजब ऊर्जा दिखलाती,
स्कूटर,ऑटो और बस चलाती
रेल चला कर, हवाई जहाज उडाती।

अद्भुत है नारी शक्ति
बुजुर्गों का यह है कहना,
महत्वपूर्ण रोल निभाती
घर का मैदान हो या सेना,
अद्भुत है यह नारी शक्ति
अटूट है इनमें देशभक्ति।

हे देश की नारी
मां बहन बेटी हो हमारी
तुम्हें है प्रणाम नमन,
घर और बाहर
तुम ही से छाया है
असीम चैन और अमन।

नारी शक्ति को प्रणाम, नमन।

# सच्चाई और साहस जीवन में सफलता के बड़े सूत्र

यह कहावत एकदम सत्य है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं' यदि सत्य सच्चाई नहीं होती तो मानव जीवन नहीं होता क्योंकि प्रगति पहाड़ झरना नदिया जंगल बुक और प्रकृति द्वारा दिए गए प्रतिशत के रूप में मानव सहित सांसारिक जीव जंतु प्राकृतिक सत्य की उत्पत्ति है' और यह भी सत्य है कि मनुष्य अपने लालच,स्पृहा, कामना,कपट के चलते असत्यता झूठ और फरेब का सहारा और वैशाखी लेकर त्वरित लाभ के लिए जीवन के भाव सागर में कूद पड़ता है परंतु सत्य ही अंतिम सत्य है

परंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के हर पहलू से अरे होती जा रही है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे।

आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्त-ावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज में फैल गया है इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा है' प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक,सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया है' भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा है' व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा है' समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्व स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है । सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है।

नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफलता के दायरे में सिमट कर रह गया है। इसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति अत्यंत उन्मुक्त निसंकोच तरीके से असत्य का सहारा लेने से भी नहीं चूक रहा है। भौतिक सुख साधनों की लालसा में मनुष्य में साधनों की सत्यता तथा शुद्धता फिर भी गहरा समझौता कर समाज में असामाजिक व्यवहार को अपना लिया है जिसके दूरगामी परिणाम भारतीय समाज के लिए अच्छे संकेत नहीं है। आज मनुष्य नैतिकता एवं अनैतिकता की बारीक लकीर हो पहचानने से काफी दूर हो गया है तथा भौतिक विकास के लिए किसी भी साधन को अपनाने से नहीं परहेज करता है। मानव बुद्धि विवेक संपन्न होने के कारण भौतिक सुख सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए हर तरह के उपायों को नए-नए हथकंडे के रूप है उपयोग करने लगा है जिससे समाज मे विसंगतियां पैदा होकर आत्मीय संबंधों की बलि चढ़ गई है। आदिकाल से ऐतिहासिक तौर पर भी मानव की सच्चरित्रता पर सवालिया निशान खड़े होते रहे हैं। समाज ने आपसी संबंधों को संचालित करने के लिए कुछ आदर्श मापदंड का प्रावधान भी रखा है जिनमें सबसे महत्वपूर्ण सावधान सत्य बोलने का है किंतु मनुष्य अपने सुख साधन बटोरने के लिए सदैव सत्य से परहेज करने लगा जिससे मनुष्य नैतिकता से काफी दूर हो गया एवं सामाजिक मान्यताओं को छिन्न-भिन्न करता आया है। आज भौतिक साधन संपन्नता समाज में सर्वोच्च शिखर पर है और समाजिक व्यक्तिगत आत्मीय संवेदनशील संबंध ताक पर रख दिए गए हैं। नैतिकता सिद्धांतों की परिपाटी नष्ट प्राय होती जा रही है। ऐसे में एक आदर्श समाज की कल्पना बेमानी हो गई है। आज हमें सामाजिक मूल्यों को बचाने आत्मीय संबंधों की रक्षा करने के लिए सत्य तब और संयम का सहारा लेने की आवश्यकता होगी अन्यथा भारतीय समाज को पश्चिमी समाज के रूप में यहां संवेदनशीलता आत्मीयता और मानवीय संबंधों की गरिमा खत्म होने के कगार पर है अपनाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा एवं भारतीय मूल्य संस्कार संस्कृति धीरे धीरे सनातनी समाज से दूर होते जाएंगे और हम हाथ में हाथ धरे देखते रह जाएंगे। आज नैतिकता केवल दूसरों के लिए उपदेश देने की वस्तु बन कर रह गई है। मनुष्य सामाजिक व्यवस्था का स्वयं निमार्ता है किंतु नैसर्गिक रूप से लोभी,आलसी, तथा संग्रहण की प्रवृत्ति वाला हो चुका है ऐसे में कम परिश्रम में ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए असत्य फरेब एवं जालसाजी का ही सहारा लेकर अनैतिकता का परचम फैलाने में लगा हुआ है। यह भारतीय परिवेश के लिए कतई शुभ संकेत नहीं है।



संजीव ठाकुर, लेखक, चिंतक,
रायपुर छत्तीसगढ़

## पन्नालाल घोष

पन्नालाल घोष (वास्तविक नाम 'अमूल ज्योति घोष', जन्मः 24 जुलाई, 1911 - मृत्युः 20 अप्रैल, 1960) भारत के प्रसिद्ध बाँसुरी वादक थे। पंडित पन्नालाल घोष "बांसुरी के मसीहा" नयी बांसुरी के जन्मदाता और भारतीय शास्त्रीय संगीत का युगपुरुष जिसने लोक वाद्य बाँसुरी को शास्त्रीय के रंग में ढालकर शास्त्रीय वाद्य यंत्र बना दिया।

**जीवन परिचय**

अमल ज्योति घोष के नाम से जाने जाने वाले पंडित पन्नालाल घोष का जन्म 24 जुलाई[1], 1911 में पूर्वी बंगाल के बारीसाल में हुआ था। शुरू में उनका परिवार अमरनाथगंज के गांव में रहता था जो बाद में फतेहपुर आ गया। उनका जन्म संगीत सुधी परिवार में हुआ था। उनके पिता अक्षय कुमार घोष सितार वादक थे और उनकी माँ सुकुमारी गायक थीं।

**प्रारंभिक जीवन**

हारमोनियम उस्ताद खुशी मोहम्मद खान उनके पहले गुरु थे और ख्याल गायक पंडित गिरजा शंकर चक्रवर्ती एवं उस्ताद अलाउद्दीन खान साहब से भी उन्होंने शिक्षा हासिल की थी। 1940 में पन्नाबाबू ने संगीत निर्देशक अनिल विश्वास की बहन और जानी मानी पार्श्व गायिका पारुल घोष से विवाह कर लिया। इसके पहले 1938 में पन्नालाल घोष ने यूरोप का दौरा किया और वे उन आरंभिक शास्त्रीय संगीतकारों में से एक थे जिन्होंने विदेश में कार्यक्रम पेश किया।

**बांसुरी के जन्मदाता**

पन्नाबाबू शास्त्रीय बांसुरी के जन्मदाता हैं और उन्हें बांसुरी का मसीहा कहना समीचीन होगा। जिन्हें बांसुरी को लोक वाद्य से शास्त्रीय वाद्य यंत्र के रूप में स्थापित करने का श्रेय जाता हैं। उनके अथक प्रयासों का ही परिणाम था कि 1930 में उनका पहला एलपी जारी हुआ। आने वाली सदियां पन्ना बाबू के काम को कभी भूल नहीं सकती हैं। उन्हीं का प्रयास



है कि कृष्ण कन्हैया की बांसुरी का आज के फ्यूजन संगीत में भी अहम स्थान है। बांसुरी को शास्त्रीय वाद्य के रूप में लोगों के दिलों में बसाने का काम पन्ना बाबू ने शुरू किया था और पंडित हरिप्रसाद चौरसिया जैसे बांसुरी वादकों ने इस वाद्य यंत्र को विदेशों में लोकप्रिय कर दिया। पन्नालाल जी ने कई फि ल्मों में भी बांसुरी बजाई थी, जो आज भी अद्वितीय है। जिनमें मुगले आजम, बसंत बहार, बसंत, दुहाई, अंजान और आंदोलन जैसी कई प्रसिद्ध फि ल्में प्रमुख हैं जिसके संगीत के साथ पंडित पन्नालाल घोष का नाम जुड़ा रहा।

निधन

पारंपरिक भारतीय वाद्य यंत्र बांसुरी की अतुल्य विरासत अपने शिष्य और प्रशंसकों के हाथों में सौंप कर 20 अप्रैल 1960 में पन्नाबाबू हमेशा के लिए इस दुनिया से कूच कर गये। पन्नालाल जी की बांसुरी जब आज भी सुनते हैं तो उनकी मिठास तथा विविधता का कोई जोड़ नजर नहीं आता। उनका बजाया हुआ राग मारवा तथा अन्य राग जब आज सुनते हैं तो अध्यात्मिक अहसास होने लगता है।


## केशुभाई पटेल

**केशुभाई पटेल** (जन्म- 24 जुलाई, 1928; मृत्यु- 29 अक्टूबर, 2020) भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीयों में से एक तथा गुजरात के भूतपूर्व दसवें मुख्यमंत्री रहे थे। उन्होंने अगस्त, 2012 में भाजपा से इस्तीफा दे दिया था और बाद में गुजरात विधानसभा के चुनावों में भाग लेने हेतु एक नए राजनैतिक दल 'गुजरात परिवर्तन पार्टी' की शुरूआत की। केशुभाई पटेल 1980 के दशक से भारतीय जनता पार्टी के सदस्य थे। उन्होंने पहले 2012 में बीजेपी छोड़ी और गुजरात परिवर्तन पार्टी का गठन किया, जिसका बाद में भारतीय जनता पार्टी के साथ विलय कर दिया गया। वह दो बार गुजरात के मुख्यमंत्री रहे- 14 मार्च, 1995 से 21 अक्तूबर, 1995 तक और फिर 4 मार्च, 1998 से 6 अक्तूबर, 2001 तक।

**राजनीतिक सफर**

सन 1960 के दशक में केशुभाई पटेल ने जनसंघ के लिए एक कार्यकर्ता के रूप में अपना राजनीतिक जीवन शुरू किया। वह इसके संस्थापक सदस्यों में से एक थे। 1975 में, जनसंघ-कांग्रेस (ओ) गठबंधन गुजरात में सत्ता में आई। आपातकाल के बाद 1977 में केशुभाई पटेल राजकोट निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए थे। बाद में उन्होंने इस्तीफा दे दिया और बाबूभाई पटेल की जनता मोर्चा सरकार में 1978 से 1980 तक कृषि मंत्री के रूप में कार्य किया। सन 1979 में मच्छू बांध दुर्घटना, जिसने मोरबी को तबाह कर दिया था, के बाद उन्हें राहत कार्य में शामिल किया गया था।

केशुभाई पटेल 1978 और 1995 के बीच कलाव-ड़, गोंडल और विशावादार से विधानसभा चुनाव जीते। 1980 में, जब जनसंघ पार्टी को भंग कर दिया गया तो वह नवनिर्मित भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ आयोजक बने। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के खिलाफ चुनाव अभियान का आयोजन किया और उनके नेतृत्व में 1995 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जीत हासिल हुई।



**मुख्यमंत्री**

14 मार्च 1995 को केशुभाई पटेल गुजरात के मुख्यमंत्री बने, परन्तु सात महीने बाद ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया, क्योंकि उनके सहयोगी शंकरसिंह बाघेला ने उनके खिलाफ विद्रोह किया और सुरेश मेहता उन्हें सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री बनाने में सफल रहे। शंकरसिंह बाघेला ने राष्ट्रीय जनता पार्टी (आरजेपी) का गठन किया था और कांग्रेस (आई) के समर्थन के साथ अक्टूबर 1996 में वह मुख्यमंत्री बने। सन 1998 में विधानसभा को भंग कर दिया गया, क्योंकि कांग्रेस (आई) ने राष्ट्रीय जनता पार्टी (आरजेपी) को दिया अपना समर्थन वापस ले लिया था। 1998 के विधानसभा चुनावों में केशुभाई पटेल की अगुवाई में बीजेपी पुनः सत्ता में लौट आई और वह फिर 4 मार्च, 1998 को गुजरात के मुख्यमंत्री बने।

2 अक्टूबर 2001 को केशुभाई पटेल ने अपने खराब स्वास्थ्य के कारण मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। सत्ता के दुरुपयोग, भ्रष्टाचार और खराब प्रश-ासन के आरोप; 2001 के भुज भूकंप के दौरान राहत कार्यों में कुप्रबंधन के साथ-साथ उप-चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की हार और बीजेपी सीटों के नुकसान ने, बीजेपी के राष्ट्रीय नेतृत्व को गुजरात के मुख्यमंत्री के कार्यालय के लिए नए उम्मीदवार की तलाश करने के लिए प्रेरित किया। तब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने। 2009 में केशुभाई पटेल विधानसभा चुनाव नहीं लड़े। वह 2002 में राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए।

**गुजरात परिवर्तन पार्टी**


2007 के विधानसभा चुनावों में केशुभाई पटेल ने अपने समुदाय से परिवर्तन के लिए मतदान करने का आग्रह किया। बीजेपी ने फिर से स्पष्ट बहुमत के साथ चुनाव जीता और मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाई। 2012 में उन्होंने अपनी बीजेपी सदस्यता को नवीनीकृत नहीं किया। उन्होने 4 अगस्त 2012 को बीजेपी से इस्तीफा दे दिया और 2012 गुजरात विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए गुजरात परिवर्तन पार्टी का गठन किया। भाजपा उम्मीदवार कणुभाई भालाल के खिलाफ विसावदर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीता जबकि जीपीपी ने विसावदर सीट समेत कुल दो सीटें जीतीं। उन्होंने जनवरी 2014 में जीपीपी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया और बाद में 13 फरवरी 2014 को अपने बीमार स्वास्थ्य के कारण गुजरात विधानसभा के सदस्य के रूप में इस्तीफा दे दिया। 24 फरवरी 2014 को बीजेपी के साथ जीपीपी का विलय हो गया।

**मृत्यु**

केशुभाई पटेल की मृत्यु 29 अक्टूबर, 2020 को अहमदाबाद, गुजरात में हुई। वह 92 वर्ष के थे। सांस लेने में तकलीफ की शिकायतों के बाद उन्हें अहमदाबाद के स्टर्लिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। कुछ समय पहले वह कोरोना वायरस से भी संक्रमित हुए थे, लेकिन फिर वह इस बीमारी से उबर गए थे। लेकिन उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती जा रही थी। सांस लेने में तकलीफ की शिकायत बढ़ने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन उन पर इलाज का असर नहीं हो रहा था।

## गणेश गीता (गीता भाग 122)

# ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



विश्वनाथ त्रिपाठी

गणेश जी राजा वरेण्य को उपदेश देते हुए कहते हैं कि राजन सुख व दुः ख भी। तीन प्रकार के होते हैं :---

सुखं च त्रिविधं राजन,
दुःखंड च क्रमतः श्रृणु
सात्विकी राजसी चैव
तामसं च मयोच्यते

राजन सुख व दुःख भी सात्विक ,राजसी व तामसी भेद से तीन प्रकार का होता है ,मैं उनका वर्णन कर रहा हूं ध्यान से सुनो

विषवद्भाषते पूर्वभव ,
दुखस्यांतकरम च यत
इच्छामानं तथा वृत्या,
यदन्ते,ऽमृतवत भवेत
प्रसादात्स्वस्य बुद्धेः यत
सात्विकी सुखमीरितम

जो पहले विष के समान प्रतीत हो ,किन्तु दुख का अंत करनेवाला हो,मनोवृत्ति से इच्छा किया हुआ जो अंत में अमृतवत हो,अपनी बुद्धि को आनंदित करनेवाला हो ,वह सात्विक सुख कहा जाता है

वषमाणं तु तो भोगों ,
भासते अमृतवत्पुरा
हालाहलमिवान्ते
यद्राजसं सुखमीरितं

विषयों का जो भोग पहले अमृतमय दिखायी पड़ता है और अन्त में विषदायी हो,जाता है उसे राजसी सुख कहते हैं




तंद्र प्रमाद संभूतम ,
आलस्य प्रभवं च यत
सर्वदा मोहकं स्वस्य
सुगंध तामसमीद्दशं

न तदस्ति यदेतै :
यान्मा्युक्त
स्यात्त्रिविधैः गुणै :

राजन! जो चंद्रा , प्रमाद से उत्पन्न हुआ हो ,आलस्य से परिपूर्ण हो ,हमेशा मोह को उत्पन्न करता हो ,उसका नाम तामसी सुख है

संसार में ऐसा कोई प्राणी नहीं है जो इन तीनों गुणों से मुक्त हो

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# संक्षिप्त न्यूज

## हिंदू संघर्ष समिति व इंडियन मीडिया फोरम ने जंतर मंतर पर श्रीलंकाई नरसंहार के खिलाफ सांकेतिक प्रदर्शन किया

(हरेश उपाध्याय, नीरज अवस्थी) दिल्लीः- हिंदू संघर्ष समिति व इंडियन मीडिया फोरम ने जंतर-मंतर पर श्रीलंका में जुलाई 1983 में हुए नरसंहार व अन्य राज्य प्रेरित भेदभावपूर्ण अत्याचार व सामान्य नागरिकों के खिलाफ किए गये युध्द अपराधों पर सांकेतिक प्रदर्शन किया।हिंदू संघर्ष समिति ने कहा कि भारत ने सदैव मित्रवत व्यवहार किया है। लेकिन ब्लैक जुलाई को याद कर मन सिंहर ने लगता है। लेकिन नवनियुक्त सरकार अब ऐसा न करें। संघर्ष समिति ने तय किया है कि श्रीलंका के इस दुर्भावनापूर्ण रवैये के प्रति हम सांकेतिक विरोध जता रहें हैं और निम्नलिखित मांगों पर यथाशीघ्र कार्यवाही के प्रति आशान्वित भी हैं। समिति मांग करती है कि द्विपक्षीय संबंधों में श्रीलंका को भारत का उचित मान-सम्मान करना चाहिये तथा श्रीलंका के हिन्दू समुदाय को मुख्यधारा में शामिल कर उन्हें उचित राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक सहभागिता देनी चाहिये। भारत सरकार से पूर्व में किए गए समझौतों का पूर्ण पालन करना चाहिए।भारत के व्यापारिक संस्थानों को श्रीलंका में उचित वातावरण प्रदान करना चाहिये । युद्ध अपराध और ह्यब्लैक जुलाईह्ण के पीड़ितों को तुरंत उचित मुआवजा देकर उन्हें राहत पहुंचानी चाहिए। भारत के तमिलनाडु में सौ से ज्यादा कैम्पो में रह रहे तमिल शरणार्थियों की नागरिकता की समस्या का तुरंत समाधान किया जाना चाहियें ताकि वो एक बेहतर जीवन पा सके।




## 24 जुलाई को सेक्टर 137 पारस टेयरा मे होगा पौधारोपण

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

सांसें हो रही है कम,
आओ पेड़ लगाएं हम
पर्यावरण का रखे ध्यान,
तभी बनेगा देश महान!

नोएडा हमारा पर्यावरण हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमारे जीवन का मुख्य स्रोत है क्योंकि हम पर्यावरण से भोजन, पानी, हवा प्राप्त करते हैं। वास्तव में पर्यावरण हमारा संतुलन बनाए रखता है जहां हम हर पल सांस लेते हैं और जीते हैं। इस प्रकार हमारे जीवन की गुणवत्ता भी हमारे पर्यावरण पर निर्भर करती है तो आयो इसे बचाये।।` पर्यावरण को बचने के लिए पारस टीयेरा में बृहद पौधा रोपण का के कार्यक्रम में आप सभी सपरिवार आमंत्रित है

रविवार, 24 जुलाई सुबह 8.00 से 9 बजे तके पारस टीयेरा सेंट्रल पार्क फाउन्टेने के पास सेक्टर 137 मे होगा पौधारोपण कार्यक्रम। जिसमे मुख्य अतिथि डॉ डी के गुप्ता मैनेजिंग डायरेक्टर फेलिक्स हॉस्पिटलस होगे। और निरंजने कुलकर्णी ,अखिल भारतीये पर्यावरण मीडिया प्रमुख के नेतृत्व मे होगा। इस कार्यक्रम मे हर परिवार को पौधा हमारे द्वारा उपलब्ध करायो जायेगा ,आप अपने परिवार के बच्चों को भी साथ लायें। उन्हें भी इस संस्कारक्षम कार्यक्रम को ` सहभागी बनाएं।

आओ पारस को सजाये - अपने को प्रकृति के साथ जोड़े इस पुण्य कार्य में भागी बने।

## सभी दिव्यांगजन निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के लिए कर सकते हैं आवेदन

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी गौतमबुद्धनगर लवेश कुमार सिसौदिया ने जनपद के समस्त दिव्यांगजन का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण अनुभाग-2 के द्वारा प्रख्यापित नियमावली के अनुसार दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराये जाने के लिए कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास भवन, गौतमबुद्धनगर में योजना के तहत आवेदन पत्र स्वीकार किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्राप्त करने के लिए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र एवं आवश्यक प्रमाण पत्रों सहित कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन, गौतमबुद्धनगर में जमा कर सकते हैं। उन्होंने पात्रता एवं शर्तें के संबंध में बिंदुवार बताया कि दिव्यांगता की स्थिति - दिव्यांगजन मस्क्यूलर डिस्ट्रोफी, स्ट्रोक सेरेब्रल पालिसी, हीमोफीलिया आदि से ग्रसित हो या व्यक्ति उपर्युक्त की भांति शारीरिक दिव्यांगता की स्थिति में हो, उसकी दृष्टि अच्छी हो, मानसिक स्थिति अच्छी हो, कमर के ऊपर का हिस्सा ( भाग ) स्वस्थ हो. संबंधित दिव्यांगजन मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल पर बैठकर अपने हाथों से उपकरण का संचालन करने में सक्षम हो व संबंधित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा उनकी दिव्यांगता न्यूनतम 80 प्रतिशत या उससे अधिक प्रमाणित की गयी हो। क्षमता - दिव्यांगजन जिन्हें मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान की जानी है, जनपद स्तर की तकनीकी समिति द्वारा शारीरिक स्थिति की सक्षमता का भौतिक परीक्षण किया जाएगा और भौतिक परीक्षण में मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के लिए उपयुक्त पाये जाने पर ही व्यक्ति को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान करने की अग्रेतर प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

आय - दिव्यांगजन या उसके समस्त स्त्रोतो से वार्षिक आय 1,80,000/- (रू एक लाख अस्सी हजार मात्र) से अधिक नहीं होनी चाहिये। आय के लिए तहसील द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र मान्य होगे।

अवधि - इस योजना के अन्तर्गत पात्र दिव्यांगजन को पूरे जीवन काल में केवल एक बार मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल से लाभान्वित किया जाएगा।

अनुदान की प्रक्रिया एवं प्रतिबंध- आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। किसी भी पात्र दिव्यांगजन द्वारा निर्धारित वेब पोर्टल पर प्रदर्शित प्रारूप-पत्र को भरकर आवेदन किया जाएगा। कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को नियमावली में उल्लिखित पात्रता के अनुसार उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष 'प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धान्त' के आधार पर स्वीकृत किया जाएगा। जनपद स्तर पर लक्ष्य इस योजना के अन्तर्गत मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के लिये लक्षित/निर्धारित संख्या में से 1/3 संख्या हाईस्कूल या उच्चतर कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए निर्धारित होगी। यह लाभ संस्थागत छात्रों को ही देय होगा, जिसके संबंध में संस्थान के संस्थाध्यक्ष द्वारा प्रदत्त प्रमाण-पत्र मान्य होगा।

## पुलिस अधिकारी और अभिनेता आनंद ओझा की फिल्म रण का हुआ श्रीगणेश।

आगरा! पुलिस अधिकारी और फिल्म अभिनेता आनन्द ओझा की फिल्म रण का आज आगाज शहर में हुआ जिसका शुभारंभ डीजीसी अशोक चौबे ने बटन दवा कर किया! श्री चौबे ने बताया कि

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री को नए आयामों तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले आनंद ओझा की इस फिल्म को दर्शकों ने खूब सराहा।

फिल्म के दौरान सिनेमाघर भारत माता की जय, वंदे मातरम एवम देशभक्ति के कई नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर अतिथि आयकर अधिकारी संतोष केसरी वरिष्ठ समाजसेवी राकेश चंद शुक्ला एवं युवा ब्यापारी दीपक चतुवेर्दी मुन्ना मिश्रा आदि की गरिमामयी उपस्थित रही !

# रेलवे के लिए बुजुर्ग तो भार हो गए पर सांसदों के परिवार प्यारे ही हैं

(हरेश उपाध्याय, नीरज अवस्थी) दिल्लीः-अब मोदी सरकार और रेलवे मंत्रालय के लिए बुजुर्ग तो भार हो गए पर सांसद व उनके परिवार तो उतने ही प्यारे हैं।कोविड दौर के पहले तक 58 साल से ऊपर की महिला को रेल टिकट में 50% और 60 साल से ऊपर के पुरुष को 40% की छूट थी। कोविड के दौरान यह सुविधा बंद कर दी गई। पर अब रेल मंत्री ने बताया कि यह सुविधा अब बुजुर्गों को नहीं मिला करेगी। रेल मंत्री ने इसके लिए लंबा-चौड़ा हिसाब भी बताया है कि इस रियायत से रेलवे को हर साल कितना नुकसान हुआ।2021-22 में यह छूट बुजुर्गों को न देने से रेलवे को 3400 करोड़ रु. का फायदा हुआ। लेकिन सांसदों को रेलवे की सुविधाएं अब तक क्यों जारी हैं। ये सुविधाएं बंद क्यों नहीं की जा रहीं ? इनका तो रेल मंत्री ने कोई हिसाब-किताब भी नहीं बताया। मौजूदा सांसद को अपनी पत्नी या पति के साथ फर्स्ट एसी में मुफ्त यात्रा की सुविधा प्राप्त है। पूर्व सांसद को ऐसी ही सुविधा अपनी पत्नी या पति के साथ सेकंड एसी में और अकेले को फर्स्ट एसी में प्राप्त है।



आश्चर्य की बात यह है कि उनके लिए यह सुविधा कोविड के दौर में भी बंद नहीं हुई। रेलवे को यह पैसा केंद्र सरकार चुकाती है। केंद्र सरकार के पास यह पैसा हम आप जैसे करदाताओं का ही तो है।आरटीआई के जरिए मिली जानकारी के अनुसार पिछले 5 साल में सांसदों और पूर्व सांसदों की रेल यात्राओं पर सरकार ने 62 करोड़ रु. खर्च किए हैं।1917-18 से 1921-22 तक मौजूदा सांसदों की रेल यात्रा के लिए 35.21 करोड़ और पूर्व सांसदों की रेल यात्रा के लिए 26.82 करोड़ रु. का बिल लोकसभा सचिवालय को रेलवे ने भेजा है।

सांसदों, पूर्व सांसदों ने कोरोना महामारी के साल 2020-21 में भी रेलवे के फ्री पास के जरिए 2.47 करोड़ की यात्रा की। सरकार से निवेदन सिर्फ इतना सा है कि इन भरे पेट वाले सांसदों की छूट तो तत्काल बंद करनी ही चाहिए।भारी भरकम वेतन-भत्तों और पेंशन के बावजूद सांसदों, पूर्व सांसदों को इस तरह की छूट से क्या रेलवे या सरकार को कोई नुकसान नहीं होता ?

# 52 लोगो ने इस शिविर मे निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा नारी प्रगति सोशल फाउंडेशन ने परियोजना आरोग्यम के तहत, यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स द्वारा लोटस बुलेवर्ड, सेक्टर 100 नोएडा, मे आर.डब्ल्यू.ए की बोर्ड मेंबर श्रीमति वंदना के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। संस्था हर वर्ग के लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कम से कम 5,000 लोगों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच कराने के लिए कटिबद्ध है मीडिया प्रभारी अलका वर्मा ने बताया कि इस शिविर में बी.पी, शुगर, बी.एम. आई, ई.सी.जी के अलावा सामान्य चिकित्सक परामर्श,स्त्री रोग परामर्श, बाल रोग परामर्श, ऑन्कोलॉजी स्वास्थ्य वार्ता की भी निःशुल्क सेवा प्रदान की गई है । यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के प्रसिद्ध मेडिकल ऑन्कोलॉजी यूनिट हेड, बोन मैरो ट्रांसप्लांट के ग्रुप हेड डॉक्टर विभोर शर्मा ने उपस्थित रहे। सभी लोगों को कैंसर के प्रकार, रोकथाम और उपचार की विस्तार जानकारी देते हुए धूम्रपान, तम्बाकु, सुपारी, चना, पान,मसाला, ,गुटका शराब आदि का सेवन ना करने की सलाह दी तथा विटामिन युक्त और रेशे वाली ( हरी सब्जियाँ ,फल, अनाज, दालें) पौष्टिक भोजन अपने आहार मे शामिल करने के लिए कहा, इसके साथ कीटनाशक एवं खाद्य संरक्षण रसायणों से युक्त भोजन धोकर खाने की सलाह दी। संस्था की महासचिव वनिता भट्ट सोपोरी एवं सेक्रेटरी अर्चना गुप्ता ने कहा कि आज के समय में लोग इतने व्यस्त है कि वे अपने स्वास्थ्य की देखभाल करना भूल जाते हैं हमें यह समझना आवश्यक है कि स्वास्थ्य सबसे पहले है जब हम स्वस्थ होगे तो हम अपने जीवन के अन्य पहलुओं की भी देखभाल करने मे सक्षम होगे। संस्था की सेक्रेटरी अर्चना गुप्ता ने यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. विभोर शर्मा, जनरल फिजिशियन डॉ.राज नारायण ,गयनेकॉलोजिस्ट डॉ. हर्षिता ,सीनियर मैनेजर श्री विवेक श्रीवास्तव, मार्केटिंग मैनेजर वरुण शर्मा जी का आभार व्यक्त किया। शिविर को सफल बनाने में संस्था के चाइल्ड एजुकेशन हेड शशि नाथ प्रसाद ,ललित साहू ,सुमित कुमार, वासुदेव सिंह का योगदान रहा।



# जेडी के हस्तक्षेप पर आरटीआई में मिले अंक डीआईओएस से आरटीआई के तहत पूछे थे अंक

आगरा (वी एन मिश्र)डेढ़ महीने के इंतजार के बाद संयुक्त शिक्षा निदेशक के हस्तक्षेप पर हाई स्कूल के विद्यार्थियों को मिले अंक देखकर विद्यार्थियों की आंखें नम हो गईं। उन्होंने कहा कि यह अधूरी खुशी है। यदि यही अंक मार्कशीट में मिल जाए तो उनका जीवन सफल हो सकता है। विद्यार्थियों ने कहा आईटीआई में मिले इन अंकों के आधार पर हक की लड़ाई की राह आसान हो जाएगी। अंक मिलने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

**बोर्ड ने कहा था स्कूल ने नहीं भेजे अंक**

कोरोना महामारी के चलते यूपी बोर्ड द्वारा परीक्षाएं नहीं कराई गई थी। कक्षा 9 तथा हाई स्कूल प्री-बोर्ड परीक्षाओं के आधार पर विद्यार्थियों को अंक दिए गए थे लेकिन कुछ विद्यार्थियों को अंक न देकर उन्हें कोरी मार्कशीट थमा दी गईं। जब विद्यार्थियों ने यूपी बोर्ड से पत्राचार किया तो क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ बोर्ड द्वारा बताया गया कि विद्यालय ने बोर्ड को अंक नहीं भेजे थे।

अंक जानने के लिए विद्यार्थियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में आरटीआई दायर की लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी अंक उपलब्ध नहीं कराए गए।

**जेडी के हस्तक्षेप पर मिले अंक**

आरटीआई मैं अंक ना बताने पर विद्यार्थियों ने संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय में प्रथम अपील दायर की थी। जिसकी सुनवाई संयुक्त शिक्षा निदेशक आरपी शर्मा द्वारा शनिवार को की गई। दोनों पक्ष सुनने के बाद संयुक्त शिक्षा निदेशक के आदेश पर विद्यार्थियों को अंको की सूची दी गई। जिसमें कक्षा-9, हाई स्कूल प्री-बोर्ड की लिखित परीक्षा के तथा प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक भी शामिल हैं। जो विद्यालय द्वारा बोर्ड की वेबसाइट के पोर्टल पर अपलोड किए गए थे। मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर विद्यार्थियों द्वारा की गई शिकायत में क्षेत्रीय कार्यालय बोर्ड द्वारा बताया गया था कि जिन विद्यालयों ने अंक भेजे थे उन विद्यार्थियों को हाई स्कूल में अंक दे दिए गए लेकिन जिन विद्यालयों ने अंक नहीं भेजे थे उनको सामान्य रूप से प्रमोट कर दिया गया। आरटीआई से मिले जवाब में स्पष्ट हुआ कि विद्यालय द्वारा बोर्ड को अंक भेजे गए थे। बोर्ड की लापरवाही के चलते विद्यार्थियों को अंक नहीं दिए गए हैं।

# मलाई काटने वाले पुलिस कर्मी सेटिंग बैठाने की जुगाड़ में लगे लापरवाह पुलिस कर्मियों की खैर नहीं - पुलिस अधीक्षक

अजय दुबे कन्नौज

कन्नौज में पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के चार्ज लेते हैं जिले में पुलिस की सतर्कता देखने को मिल रही है वही जो अभी तक कमर में पिस्टल लगाकर घूमते नजर आते थे वह है अब वर्दी मैं देखे जा सकते हैं अब वह रंगबाजी में नहीं हकीकत में ड्यूटी पर नजर आ रहे हैं जिन्होंने एसपी प्रशांत कुमार के कार्यकाल में खूब मलाई काटी अब वह इधर-उधर जुगाड़ फिट करने में लगे हैं। कुछ ऐसे भी सिपाही और दरोगा है कोतवाली और चौकी चला रहे हैं जिन्होंने कभी ड्यूटी के समय भी वर्दी नहीं पहनी अब वह अपनी सेटिंग बैठाने में लगे हुए हैं अब देखना यह होगा कि क्या कुंवर अनुपम सिंह से ऐसे लापरवाह एवं मलाई काटने वाले पुलिस कर्मियों की सेटिंग बैठती है या नहीं। फिलहाल जो पुलिस कप्तान के तेवर देखने को मिल रहे उससे तो नहीं लगता सेटिंग बाज दरोगा या सिपाहियों की दाल गलेगी। जो काम करेगा वही टिक पाएगा बाकी लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही की तलवार तो लटकती रहेगी।




गुरसहायगंज कोतवाली में तैनात ऐसे कई दरोगा और सिपाही हैं जो पिछले कई वर्षों से एक ही जगह जमे हुए हैं कुछ ऐसे हैं जो पुलिस कप्तान से अपनी जुगाड़ बिठा कर धन उगाही में ही मस्त रहते थे। खनन से लेकर मामलों को निपटाना व रफा-दफा करना ऐसे ही सिपाहियो की जिम्मेदारी पिछले कई वर्षों से बनी हुई है।जिन्हे फरियादी आज तक समझ ही नहीं सका की यह सिपाही है क्योंकि वो हमेशा सादी वर्दी मैं ही रहता था।

कन्नौज में पुलिस विभाग की जिम्मेदारी तेजतर्रार पुलिस कप्तान डॉ अनुपम सिंह के हाथों में है अब ना सेटिंगबाज दरोगा और ना ही सेटिंग बाज सिपाहियो की मनमानी चलेंगे बल्कि ऐसे पुलिसकर्मियों पर पुलिस कप्तान की निगाह भी रहेंगी। फिलहाल कुछ भी हो जो पुलिसकर्मियों ने पिछले पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार वर्मा के कार्यकाल में लापरवाही आरामदायक नौकरी की है अब शायद ऐसे लापरवाह पुलिस कर्मियों को दिक्कतों से सामना करना पड़ सकता है क्योंकि अब तेजतर्रार पुलिस कप्तान लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं करेंगे इसी का नतीजा है कि अब पुलिस थानों और चौकियों से बाहर निकलकर सड़क पर देखी जा सकती है जिसका उदाहरण भी है 1 दिन के चेकिंग अभियान में कई सैकड़ा वाहनों के चालान हुए वाहन चेकिंग से वाहन चालकों में हड़कंप भी मचा है।बही शराबियों में भी नए पुलिस अधीक्षक की सख्ती का असर साफ तौर पर नजर आ रहा है।

# आकाशीय बिजली के चपेट में आने से 15 वर्षीय लड़के की मौत

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट ।बारिश के मौसम में हर साल जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर कई लोग असमय मौत के मुंह मे समा जाते है ।ऐसा ही एक मामला लामता थाना अंतर्गत चरेगांव पुलिस चौकी के ग्राम खामी में शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से 15 वर्षीय किशोर की मृत्यु हो गई। मृतक खामी निवासी राकेश मर्सकोले बताया जा रहा है। जो अपने परिवारजनों के साथ खेत में धान का रोपा लगाने गया था ।इसी दौरान अचानक मौसम बदला और गर्जना के साथ बारिश होने लगी। जिससे आकाशीय बिजली चमकने लगी। इसी दौरान पास के पेड़ में बिजली गिरने से बालक राकेश उसकी चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों व अन्य ग्रामीणों द्वारा डायल 100 को दी गई। परिवार ने बेटे के जिंदा बचने की उम्मीद नहीं छोड़ी और डायल 100 वाहन से लामता अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया ।जिससे पूरा परिवार का रो रोकर बुरा हाल है ।पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया।



# बिरसा से कावड़ियों का जत्था हुआ रवाना, भोरमदेव में होगा जलाभिषेक



समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बिरसा/बालाघाट ।सावन के दूसरे सोमवार को कावंड़ियों का जत्था बिरसा के बंजर नदी से जल भरकर भोरमदेव जाकर जलाभिषेक करने के लिए रवाना हो चुके है ।जिसमे क्षेत्र के युवाओं के द्वारा बड़े धूमधाम से कांवड़ यात्रा निकाली गयी जिसमे बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। इस दौरान महिलाओं और पुरुषों ने बिरसा स्थित प्राचीन पिपलेश्वर महादेव मंदिर पहुंच कर शिवालय पर जल अभिषेक व पूजा अर्चना कर बंजर नदी से जल भरकर विशाल कावड़ यात्रा निकाली और कावड़ यात्रियों का रास्ते में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।

सभी कांवड़िए बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान करीब 70 कावडियों ने भीमजोरी स्थित बंजर नदी से जल भरकर कावड़ यात्रा शुरू की और कांवड़िए बम-बम भोले, भोले को मनाना है कावड़ लेके जाना जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। कावंड़ियों का जत्था बंजर नदी से जल भरकर माराराीटोला,सुरवाही, रमगढ़ी,बीजाटोला,जामुन पानी के रास्ते होते हुए भोरमदेव रविवार को भोरमदेव पहुंचेगे ।रात्रि विश्राम के बाद सोमवार को महादेव को जलाभिषेक करेंगे ।इस दौरान रास्ते में कई जगह रहवासियों ने कांवड़ यात्रियों की आरती उतार कर भव्य स्वागत किया । कावड़ यात्रियों ने क्षेत्र के प्राचीन पिपलेश्वर मंदिर पर पूजा-अर्चना कर बंजर नदी से जल भरकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए भोरमदेव पहुंच कर जल अभिषेक करेंगे।

बड़ी संख्या में शामिल हुए ग्रामीण कावड़ियों को विदाई करने के लिए क्षेत्र के ग्रामीण व स्थानीय प्रशासन साथ मे रहकर विदा किया ।जिसमें स्थानीय पुलिस प्रशासन, व्यापारी वर्ग,वरिष्ठ व्यक्ति एवं महिलाएं और बच्चों ने शामिल होकर कावड़ियों को विदा किया।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के उद्देश्य उपश्रमायुक्त की अध्यक्षता में एम०एस०एम०ई० एवं एन० ई०ए० संगठन के साथ वृहद बैठक संपन्न

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा सहायक श्रम आयुक्त कृते उप श्रम आयुक्त सुभाष चन्द्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 11.08.22 से 17.08.22 तक पूरे प्रदेश में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उप श्रम आयुक्त धर्मेन्द्र कुमार सिंह द्वारा 22.07.22 को एम0एस0एम0ई0 एसोसिएशन एवं 23.07.22 को एन0ई0ए0 संगठन के साथ वृहद बैठक की गई।



उन्होंने बताया कि बैठक में उपस्थित सेवायोजक संगठन के पदाधिकारियों से उप श्रम आयुक्त द्वारा अपील की गई कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के लिए संगठन से जुड़े समस्त प्रतिष्ठानों के सेवायोजकों को प्रतिष्ठान स्तर पर तिरंगा फहराये जाने का कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया जाए एवं श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा जारी विभिन्न हितकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाये। उप श्रम आयुक्त द्वारा यह भी अपील की गई कि सेवायोजक संगठन अपने सभी सदस्यों/पदाधिकारियों को इस के लिए निर्देशित करें कि उनके अधीनस्थ प्रतिष्ठान स्वामी अपने प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को तिरंगा झण्डा फहराये जाने के लिए जागरूकता के माध्यम से प्रेरित करें साथ ही प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों को इस के लिए भी जागरूक किया जाए कि वह अपने घरों एवं घरों के आस-पास के आवासीय क्षेत्र में तिरंगा झण्डा फहराये, जिससे आजादी के अमृत महोत्सव के कार्यक्रम को वृहद स्तर पर सफल बनाया जा सके।

## छत्ता वार्ड की अवैध कॉलोनी को एडीए के महाबली ने किया ध्वस्त

आगरा। एडीए ने छत्ता वार्ड के अंतर्गत जलेसर रोड परे राकेश बघेल द्वारा करीब 3500 वर्ग गज भूमि पर अनधिकृत रूप से विकसित की जा रही अवैध कालोनी को जेसीबी चलाकर ध्वस्त कर दिया ।



आगरा विकास प्राधिकरण अब शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे ऐसे अवैध निर्माण को बिल्कुल बख्शने के मूड में बिल्कुल नहीं है ।

छत्ता वार्ड के अंतर्गत जलेसर रोड परे राकेश बघेल द्वारा लगभग 3500 वर्ग गज भूमि पर अनधिकृत रूप से विकसित की जा रही थी। बार बार नोटिस दिये जाने के बाद भी इस कॉलोनी के निर्माणकर्ता द्वारा इस अवैध तरीके से कालोनी को विकसित किया जा रहा था ।अंतिम नोटिस के बाद इस अवैध कालोनी पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई हैं ।

यह कार्यवाही एडीए की संयुक्त सचिव व प्रवर्तन प्रभारी सुशीला अग्रवाल के निर्देशन में की गई ।इस दौरान थाना खंदौली पुलिस बल, आगरा विकास प्राधिकरण का सचल दस्ता, सहायक अभियंता सतीश कुमार, अवर अभियंता मनोज मिश्रा व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## कानपुर में डीजे पर हुए विवाद का बदला लेने को हुई विशाल निषाद की हत्या – *आरोपियों की तलाश में छापे जारी*

सुनील बाजपेई कानपुर। यहां के कल्याणपुर मकड़ीखेड़ा में गत दिवस भाजपा पार्षद के भतीजे ई-रिक्शा चालक विशाल निषाद (20) की हत्या डीजे पर हुए विवाद का बदला लेने के चलते हुई। इसका खुलासा मृतक के पिता सुनील ने पुलिस के सामने किया। उन्होंने बताया कि मृतक के चचेरे भाई विकास उर्फ टर्री ने उसकी हत्या डीजे पर हुए विवाद का बदला लेने के लिए की थी। पुलिस ने बताया कि घटना में मृतक के पिता ने भतीजे विकास व उसके साथियों शैलेंद्र, राहुल, राजेंद्र, सोनू उर्फ राम कुमार, सोनू के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें राम कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पिता ने पुलिस को बताया कि विशाल और उनके भतीजे डेंटल क्लीनिक में कर्मचारी विकस की नहीं पटती थी। करीब तीन साल पहले जुआ खेलने के दौरान भी दोनों में काफी विवाद हुआ था। बीच में भी कई बार उनका विवाद होता रहा। करीब तीन माह पूर्व एक शादी में डीजे पर भी दोनों में झगड़ा हुआ था। तब विकास ने विशाल को हत्या करने की धमकी दी थी। और इसी के बाद घटना को अंजाम दिया गया। फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

## कानपुर देहात में पोल में करंट से पिता- पुत्र की मौत से कोहराम

सुनील बाजपेई कानपुर। यहां पोल में करंट उतरने से पिता - पुत्री की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। यह घटना भोगनीपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर में हुई। बताया जा रहा है कि घर के बाहर लोहे के पोल के सहारे टीन शेड रखी थी। शुक्रवार देर रात पोल में करंट उतर गया। इंद्रजीत (47) करंट की चपेट में आ गए। जानकारी के मुताबिक यह देख उनका बेटा राजेंद्र (21) बचाने आया तो वह भी चिपक गया। हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई। घटना में एक ही परिवार के दो लोगों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने दोनों की लाशों को परीक्षण हेतु भिजवाया है।

## शिव कावरिया आज हरौला से हरिद्वार के लिए रवाना

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा शिव कांवड़ संग हरौला दूसरी डॉक कांवड़ के लिए रविन्द्र शर्मा गुरु के नेतृत्व में सेक्टर 2 लाल मंदिर से हरिद्वार से रवाना हुये। हरिद्वार से जल उठाकर कर नोएडा के लिए प्रस्थान करेगे,जाने वालों में गिरिश शर्मा,अमन शर्मा, अंकित शर्मा,अरुण शर्मा, अभिषेक शर्मा,जीतू शर्मा, सन्दीप शर्मा,संजीव शर्मा,विपिन शर्मा, बिट्टू शर्मा, ताराचंद शर्मा आदि शिव भक्त हरौला गाँव से समस्त ग्रामवासियो ने ढोल नगाड़ों के साथ शिव भक्तों को रवाना किया,ग्रामवासियो की तरफ से पीसीसी सदस्य सतेंद्र शर्मा,मदन लाल शर्मा,पवन शर्मा,सतपाल लाला, सौरभ शर्मा, जितेंद्र शर्मा, हरिकिशन शर्मा, राहुल शर्मा, बॉबी अवाना, शुरेश शर्मा, प्रमोद अवाना,सुनील अवाना, राजू प्रजापति सेकडो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जालसाजी कर सरकारी धन का गबन करने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट विपिन कुमार श्रीवास्तव**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना मोतीगंज पुलिस ने मनरेगा घोटाले के वांछित अभियुक्त सुरजीत चौबे को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त



बिना कार्य कराये ही मनरेगा के तहत शासकीय धनराशि का दुरूपयोग/गबन किया था। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत दुष्कर्म करने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट विपिन कुमार श्रीवास्तव**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना छपिया पुलिस ने दुष्कर्म करने के वांछित अभियुक्त अनिल वर्मा को गिरफ्तार कर



लिया गया। उक्त अभियुक्त ने थाना छपिया क्षेत्र की रहने वाली नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म किया था। जिसके सम्बन्ध में पीड़िता द्वारा थाना छपिया में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना छपिया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

## जनपद स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता युवा उत्सव के आयोजन पर बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट विपिन कुमार श्रीवास्तव**

मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम/ युवा उत्सव के आयोजन हेतु समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0 दल अधिकारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी, एवं जिला युवा अधिकारी , (नेहरु युवा केन्द्र) उपस्थित रहे। शासन के निर्देश के क्रम में उन्होंने कार्यक्रम का आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित करते



हुये भव्य आयोजन करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम का आयोजन भव्य, सुन्दर व उत्साहवर्धक हो। जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता में लोकगीत, लोकनृत्य, एकांकी, तबला वादन, वीणा वादन, भारतनाट्यम, कत्थक आदि सहित 18 विधाओं में सम्पन्न होगी। विजेता प्रतिभागी मण्डल स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभाग करेंगें।

बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला युवा अधिकारी व समस्त विद्यालयों के प्राचार्य सहित संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक एवं मेरिट-कम-मीन्स छात्रवृत्ति योजना के आनलाइन आवेदन 20 जुलाई से प्रांरभ

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट विपिन कुमार श्रीवास्तव**

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित अल्पसंख्यक समुदाय वर्ग हेतु नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक एवं मेरिट-कम-मीन्स छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु वर्ष 2022-23 की प्रक्रिया दिनांक 20 जुलाई से प्रांरभ हो गयी है। प्री- मैट्रिक के छात्रों हेतु आवेदन करने की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर, 2022 है एवं पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट-कम-मीन्स के छात्रों हेतु आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर, 2022 है। इस वर्ष नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर छात्रवृत्ति आवेदन करने से पहले शिक्षण संस्थान का छात्रवृत्ति पोर्टल एवं वेबसाइट scholarships.gov.in पर लॉगिन कर सर्वप्रथम रजिस्ट्रेशन करना आवश्यक है। रजिस्ट्रेशन के उपरान्त ही छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किया जा सकेगा।

## डीएम व एसपी ने थाना जरवल रोड में समाधान दिवस पर जनता की सुनी फरियाद

बहराइच। जिला अधिकारी बहराइच डॉक्टर दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक बहराइच केशव कुमार चौधरी द्वारा थाना जरवल रोड में थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया



जाना चाहिए जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार द्वारा थाना मोतीपुर में थाना समाधान दिवस के अवसर पर आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर जनपद के सभी थानों द्वारा थाना समाधान दिवस आयोजित कर आमजन की समस्याओं को सुनते हुए उनका त्वरित निस्तारण कराया गया

## ग्रामीणों को प्रतिभा संपन्न बनाने के क्रम में पंप ऑपरेटर का दो दिवसीय प्रशिक्षण

बाबागंज बहराइच नमामि गंगे जलापूर्ति विभाग द्वारा चलाए जा रहे ग्रामीणों को प्रतिभा संपन्न बनाने के क्रम में पंप ऑपरेटर का दो दिवसीय प्रशिक्षण विंग्स संस्था लखनऊ की ओर से विकासखंड के हाजी मोहम्मद यूसुफ महाविद्यालय बाबागंज में संपन्न हुआ हुआ समापन अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एसपी सिंह ने प्रतिभागियों को अपने संबोधन मैं बेरोजगारी के कारण नशा की ओर बढ़ते युवाओं के कदम जो बेरोजगारी के कारण थे सरकार द्वारा कराए जा रहे तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करने से क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे जिससे नशा को रोकने में बल मिलेगा जिसकी सराहना की और प्रतिभागी पंप ऑपरेटरों को प्रमाण पत्र एवं टूल किट का वितरण किया इस अवसर पर समाजसेवी छेदा खान ग्राम प्रधान शमशाद एवं ग्राम प्रधान रिंकू सिंह ग्राम पंचायत रामनगर सेमरा ने भी टूल्स वा प्रमाण पत्र का वितरण किया प्रशिक्षक संतोष त्रिपाठी एवं विनोद कुमार पाठक द्वारा प्रशिक्षण दीया गया संस्था के जिला समन्वयक मेराज अहमद एवं सक्षम सिंह ने बताया कि लगभग सवा सौ लोगों को पंप ऑपरेटर को टूल्स एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया है

## घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ते ही जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट विपिन कुमार श्रीवास्तव

घाघरा नदी का जल स्तर बढ़ने के क्रम में जिला प्रशासन तटबंधों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क हो गया है। डीएम के निर्देश पर एडीएम सुरेश कुमार सोनी और जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव ने तहसील तरबगंज अन्तर्गत एली परसौली तटबंध का निरीक्षण किया। एडीएम ने बताया कि घाघरा नदी के किनारे पड़ने वाले सभी संवेदनशील स्थलों पर निगरानी बढ़ा दी गई है तथा बाढ निगरानी समितियों को सक्रिय कर दिया गया। संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राजस्व विभाग की टीमें निगरानी कार्य में लगाई गई वहीं बाढ़ खण्ड के अधिकारी भी तटबंधों की सुरक्षा पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि घाघरा नदी खतरे के निशान से नीचे बह रही है, बाढ़ जैसी कोई स्थिति नहीं परन्तु एहतियातन सक्रिय कर दिया गया है। बाढ़ से बचाव व राहत के लिए जनपद स्तरीय कन्टोल रूम संचालित कर दिया गया है। इसके साथ राहत शिविर, मवेशियों के लिए भूसा, बाढ़ आने की स्थिति में प्रभावितों को पका



हुआ भोजन का पैकेट मुहैया कराने के साथ ही कच्चा राशन दिए जाने हेतु टेण्डर का कार्य पूरा करा लिया गया है। पशु पालन विभाग की टीमो द्वारा संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मवेशियों का टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के दृष्टिगत मेडिकल टीम की भी ड्यूटी लगा दी गई है तथा सभी सीएचसी पर सर्पदंश व एन्टी रैबीज इंजेक्शन के साथ ही अन्य आवश्यक दवाओ की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है। उन्होंने बताया है कि बाढ़ चौकियों पर जिम्मेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि वे तटबंधों की निगरानी में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरतेंगें तथा अद्यतन सूचनाओ से जिला प्रशासन को अवगत कराएगें।

## *कौशल विकास प्रशिक्षण प्रारंभ

**दैनिक जागरण ब्यूरो रिपोर्ट विपिन कुमार श्रीवास्तव**

उ0प्र0 कौशल विकास मिशन योजनान्तर्गत जनपद गोण्डा में आबद्ध प्रशिक्षण प्रदाता मे0 टेक्नोहराइजन द्वारा संचालित आवासीय केन्द्र एम0एफ0डी0 पब्लिक स्कूल परिसर में संचालित निजी आई0टी0आई0, साबरपुर, गोण्डा का मुख्य विकास अधिकारी ने उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, जिला विकास अधिकारी/जिला पंचायत राज अधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार गोण्डा के साथ औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र जिस भवन में संचालित है वहां पर निजी आई0टी0आई0 के भी बैच संचालित होते हैं एवं विद्यालय के शिक्षक/शिक्षकायें छात्रावास के परिसर में निवासित पाये गये। इस पर महोदय ने घोर नाराजगी व्यक्त की गयी। इसके अतिरिक्त केन्द्र दूसरे आवासीय केन्द्र के 02 बैचों का स्थानान्तरण बिना किसी सूचना के संस्था द्वारा किया गया था एवं केन्द्र उक्त स्थानान्तरित बैचों के 54 महिला प्रशिक्षणार्थियों के सापेक्ष मात्र 27 महिला प्रशिक्षणार्थी उपस्थित पायी गयी 4-5 महिलाये प्रशिक्षणार्थियों की बहने भी उपस्थित थी। केन्द्र प्रभारी श्री आदेश कुमार बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाये गये एवं अन्य कार्मिक से अनुपस्थित प्रशिक्षणार्थियों सम्बन्ध में पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि महिलायें आना नही चाहती हैं। केन्द्र पर प्रशिक्षणार्थियों के खान-पान की समुचित व्यवस्था का सत्यापन रसोई घर में बन रहे भोजन की गुणवत्ता को परखकर देखी गयी। रसोई में लगभग 27 प्रशिक्षणार्थियों के लिए मौके पर 3.00 किलो आटे की गूथा रखा पाया गया। लगभग 4 किलो चावल पकाये जाने की तैयारी चल रही थी एवं 3 किलो आलू व 2 किलो टमाटर तथा अरहर की दाल रात्रि भोज के लिए तैयार किया जा रहा था। रसोई जिस कमरे में स्थापित किया गया था वहां कमरा गंदगीयुक्त एवं बर्तन जिस स्थान पर साफ किया जाना था वह स्थान बहुत ही गंदा एवं जलभराव की स्थिति में पाया गया। केन्द्र के परिसर में रोड कच्ची व जलभराव युक्त पायी गयी जिससे आवागमन भी प्रशिक्षणार्थियों काफी दिक्कते होती होगी। 200 मीटर की दूरी पर स्थित विद्यालय के सिक्योरटी गार्ड से महिला छात्रावास की सुरक्षा करायी जा रही है परन्तु संस्था द्वारा पृथक से सिक्योरटी गार्ड नही रखा गया है। केन्द्र पर मिशन के आवासीय मानको के सापेक्ष व्यवस्थाओं में विभिन्न प्रकार की कमियां देखने को मिली हैं। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने संस्था को कालीसूची में डालने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी करने के सम्बन्ध में कार्यवाही प्रचलित किये जाने हेतु जिला समन्वयक, कौशल विकास मिशन/उपायुक्त श्रम एवं रोजगार को संस्तुति पत्र मिशन मुख्यालय को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## ब्लॉक मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना

**दैनिक समाज जागरण**

बहराइच अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद जी एवँ लोकमान्य बालगँगाधर तिलक जी की जयँती पर भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस ईंटक के मध्य जोन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष विनय सिंह के नेतृत्व में जनसेवा संकल्प के तहत विभिन्न समस्याओं को लेकर नवाबगंज ब्लॉक मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया जिसका संचालन ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी रामदीन गौतम ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेनानी स्मारक पर पुष्पांजलि वाह सामूहिक रूप से सेल्यूट करके वंदे मातरम गायन व सामूहिक प्रतिज्ञा के साथ किया गया। उक्त अवसर पर इंटक के अध्यक्ष विनय सिंह ने कहा कि जनपद में मानसून की गिरावट होने से किसान त्रस्त है। और व्यापक रूप से भ्रष्टाचार व अनियमितताएं व्याप्त हैं। केंद्र कि मोदी सरकार के इशारे पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी जी का ई.डी. के जरिए मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। जिससे कांग्रेसी कतई बर्दाश्त न करेंगे। उन्होंने जनपद बहराइच सहित संपूर्ण देवी पाटन मंडल को सूखाग्रस्त घोषित कर किसानों को विशेष राहत पैकेज दिए जाने , किसान के समस्त राजस्व देय के साथ-साथ संपूर्ण कर्जा माफ करने , छात्रों की पूरी फीस माफ करने , निशुल्क सिंचाई हेतु बिजली मुहैया कराने , खाद बीज उपलब्ध कराने , मुफ्त राशन दिलाने तथा गोंडा रेलवे चिकित्सालय में कार्यरत दबंग एवं माफिया चिकित्सक डी.के. मौर्य जो रेलवे कर्मचारियों को चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराने में लापरवाही बरतते हैं। जिनका प्राइवेट नर्सिंग होम भी चलता है को तत्काल हटाने एवं योगेंद्र धाम हाल्ट रेलवे स्टेशन जिसका प्लेटफार्म का सतह काफी नीचे होने से यात्रियों को ट्रेनों में चढ़ने व उतरने मैं काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है साथ ही उक्त प्लेटफार्म पर सौंचालय टीन सेट ना होने से रेल यात्रियों वृद्ध विकलांगों महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बनारस से गोंडा जंक्शन तक चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस को बहराइच रेलवे स्टेशन तक संचालित किए जाने की पुरजोर मांग की उन्होंने गोंडा बहराइच प्रखंड व बहराइच मैंलानी प्रखंड तथा बहराइच नेपालगंज रोड प्रखंड पर चलने वाली ट्रेनों की समय सारणी को जनहित की भावनाओं के तहत किए जाने हेतु गुहार लगाई। कांग्रेस कमेटी सहकारिता विभाग के जिला अध्यक्ष राम नरेश यादव ने बिजली कटौती समस्या को तत्काल दूर करने आजादी के धरोहरों की सुरक्षा व सम्मान बहाल रखने की मांग की। मेजर राणा शिवम सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार युवाओं बेरोजगारों को अग्निवीर के नाम पर धोखा व छलावा करके गुमराह कर रही है। पूर्व प्रदेश महासचिव जयकिशन मौर्य ने कहा की मोदी सरकार ई.डी. व सी.बी.आई. के इशारे पर विपक्षी दलों पर हमला करके लोकतंत्र का गला घोट रहे हैं। अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश सचिव श्रीराम एडवोकेट ने कहा की भाजपा सरकार में दलित सुरक्षित नहीं है। दलितों की भलाई सिर्फ कांग्रेस में ही है। डॉ. ए.एम. सिद्दीकी ने कहा की कांग्रेस का सत्याग्रह लगातार जारी रहेगा। जब तक देश समाज में शांति और सुकून ना होगा। उन्होंने कहा किच चंद्रशेखर आजाद व लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के सपनों को साकार करते हुए हमें देश व समाज में राष्ट्रीय सोंच व सामाजिक सोंच को बरकरार रखना होगा। ईशारत खान ने कहां कि अल्पसंख्यक समाज आज काफी दुखी व निराश है। वह टकटकी लगाए कांग्रेस की तरफ देख रहा है। इस मौके पर कांग्रेसी नेता बद्री सिंह को इंटक का जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व विधानसभा नानपारा कांग्रेस के प्रत्याशी मरहूम मो. साबिर के सुपुत्र मोहम्मद जाकिर ने भारत नेपाल सीमा पर हो रही अंतरराष्ट्रीय तस्करी पर अंकुश लगाने व बाबागंज ग्राम सभा में हुए विकास कार्यों का मौका सत्यापन करके जनहित में करवाई की जाने की मांग की। इस दौरान भोला कुरैशी , मोहम्मद असगर , जमीदार अंसारी , विजय पोरवाल , एहसान वारिस , पूर्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष इंदू सिंह , सत्येंद्र मोहन श्रीवास्तव , मालती देवी , मीना तिवारी , अंबिका यादव , अब्दुल अजीज , जगमोहन शर्मा , सेवा दल के अध्यक्ष बृजेश पांडेय , तुफैल अहमद सहित कई नेताओं ने धरना प्रदर्शन को संबोधित किया।

## विभिन्न मांगों को लेकर ब्लाक मुख्यालय पर कांग्रेस का जबर्दस्त प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण**

बाबागंज बहराइच। अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद जी एवँ लोकमान्य बालगँगाधर तिलक जी की जयँती पर भारतीय राष्ट्रीय मजदूर काँग्रेस ईंटक के मध्य जोन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष विनय सिंह के नेतृत्व में जनसेवा संकल्प के तहत विभिन्न समस्याओं को लेकर नवाबगंज ब्लॉक मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया जिसका संचालन ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी रामदीन गौतम ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेनानी स्मारक पर पुष्पांजलि वाह सामूहिक रूप से सेल्यूट करके वंदे मातरम गायन व सामूहिक प्रतिज्ञा के साथ किया गया। उक्त अवसर पर इंटक के अध्यक्ष विनय सिंह ने कहा कि जनपद में मानसून की गिरावट होने से किसान त्रस्त है। और व्यापक रूप से भ्रष्टाचार व अनियमितताएं व्याप्त हैं। केंद्र कि मोदी सरकार के इशारे पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी जी का ई.डी. के जरिए मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। जिससे कांग्रेसी कतई बर्दाश्त न करेंगे। उन्होंने जनपद बहराइच सहित संपूर्ण देवी पाटन मंडल को सूखाग्रस्त घोषित कर किसानों को विशेष राहत पैकेज दिए जाने , किसान के समस्त राजस्व देय के साथ-साथ संपूर्ण कर्जा माफ करने , छात्रों की पूरी फीस माफ करने , निशुल्क सिंचाई हेतु बिजली मुहैया कराने , खाद बीज उपलब्ध कराने , मुफ्त राशन दिलाने तथा गोंडा रेलवे चिकित्सालय में कार्यरत दबंग एवं माफिया चिकित्सक डी.के. मौर्य जो रेलवे कर्मचारियों को चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराने में लापरवाही बरतते हैं। जिनका प्राइवेट नर्सिंग होम भी चलता है को तत्काल हटाने एवं योगेंद्र धाम हाल्ट रेलवे स्टेशन जिसका प्लेटफार्म का सतह काफी नीचे होने से यात्रियों को ट्रेनों में चढ़ने व उतरने मैं काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है साथ ही उक्त प्लेटफार्म पर सौंचालय टीन सेट ना होने से रेल यात्रियों वृद्ध विकलांगों महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बनारस से गोंडा जंक्शन तक चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस को बहराइच रेलवे स्टेशन तक संचालित किए जाने की पुरजोर मांग की उन्होंने गोंडा बहराइच प्रखंड व बहराइच मैंलानी प्रखंड तथा बहराइच नेपालगंज रोड प्रखंड पर चलने वाली ट्रेनों की समय सारणी को जनहित की भावनाओं के तहत किए जाने हेतु गुहार लगाई। कांग्रेस कमेटी सहकारिता विभाग के जिला अध्यक्ष राम नरेश यादव ने बिजली कटौती समस्या को तत्काल दूर करने आजादी के धरोहरों की सुरक्षा व सम्मान बहाल रखने की मांग की। मेजर राणा शिवम सिंह ने कहा कि



केंद्र की मोदी सरकार युवाओं बेरोजगारों को अग्निवीर के नाम पर धोखा व छलावा करके गुमराह कर रही है। पूर्व प्रदेश महासचिव जयकिशन मौर्य ने कहा की मोदी सरकार ई.डी. व सी.बी.आई. के इशारे पर विपक्षी दलों पर हमला करके लोकतंत्र का गला घोट रहे हैं। अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश सचिव श्रीराम एडवोकेट ने कहा की भाजपा सरकार में दलित सुरक्षित नहीं है। दलितों की भलाई सिर्फ कांग्रेस में ही है। डॉ. ए.एम. सिद्दीकी ने कहा की कांग्रेस का सत्याग्रह लगातार जारी रहेगा। जब तक देश समाज में शांति और सुकून ना होगा। उन्होंने कहा किच चंद्रशेखर आजाद व लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के सपनों को साकार करते हुए हमें देश व समाज में राष्ट्रीय सोंच व सामाजिक सोंच को बरकरार रखना होगा। ईशारत खान ने कहां कि अल्पसंख्यक समाज आज काफी दुखी व निराश है। वह टकटकी लगाए कांग्रेस की तरफ देख रहा है। इस मौके पर कांग्रेसी नेता बद्री सिंह को इंटक का जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व विधानसभा नानपारा कांग्रेस के प्रत्याशी मरहूम मो. साबिर के सुपुत्र मोहम्मद जाकिर ने भारत नेपाल सीमा पर हो रही अंतरराष्ट्रीय तस्करी पर अंकुश लगाने व बाबागंज ग्राम सभा में हुए विकास कार्यों का मौका सत्यापन करके जनहित में करवाई की जाने की मांग की। इस दौरान भोला कुरैशी , मोहम्मद असगर , जमीदार अंसारी , विजय पोरवाल , एहसान वारिस , पूर्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष इंदू सिंह , सत्येंद्र मोहन श्रीवास्तव , मालती देवी , मीना तिवारी , अंबिका यादव , अब्दुल अजीज , जगमोहन शर्मा , सेवा दल के अध्यक्ष बृजेश पांडेय , तुफैल अहमद सहित कई नेताओं ने धरना प्रदर्शन को संबोधित किया।

## श्री साई नर्सिंग होम के नाम से कब्रिस्तान बंधा के ऊपर चल रहा है अवैध नर्सिंग होम

शिवपुर बहराइच। विकासखंड शिवपुर के कस्बा इमामगंज में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के लचर रवय्ये के कारण अवैध झोलाछाप का नर्सिंग होम खूब फल फूल रहे हैं स्थानीय प्रतिनिधि के मुताबिक कस्बे के कब्रिस्तान बंधे के ऊपर श्री साईं नर्सिंग होम के नाम से संजय सोनी नामक व्यक्त अवैध रूप से नर्सिंग होम चला रहा है ज्ञात हो कि इससे पूर्व इसी कस्बे में अन्य स्थान पर स्थित यह नर्सिंग होम पर स्वास्थ विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए अवैध नर्सिंग होम पर सीजर की कार्रवाई की थी कुछ समय बाद ही इसके संचालक संजय सोनी ने स्वास्थ विभाग के कर्मचारियों से सांठगांठ करते हुए उससे भी भव्य तरीके का अवैध नर्सिंग होम कब्रिस्तान के निकट बना के स्थापित कर दिया अवैध नर्सिंग होम श्री साईं नर्सिंग होम पर कई फर्जी डॉक्टरों के नाम का बोर्ड लगा हुआ है अवैध नर्सिंग होम में संजय सोनी झोलाछाप अवैध रूप से बैठा हुआ है और मरीजों का इलाज के नाम पर आर्थिक रूप से शोसन कर रहा है सोचनीय पहलू





यह है कि केंद्र व राज्य सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े-बड़े काम और बड़े-बड़े दावे कर रही है सरकार की मंशा यह है कि ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को फ्री में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाए इलाज के नाम पर उनका किसी प्रकार से आर्थिक शोषण ना हो सके मगर जनपद बहराइच में कुकुरमुत्ता की तरह फैले अवैध नर्सिंग होम और अवैध क्लीनिक के संचालक अपनी तिजोरीयों को भरने के लिए इलाज के नाम पर मरीजों को भर्ती करके उनका आर्थिक और शारीरिक रूप से शोषण करते हैं और जब तक पैसा खिच पाते हैं खींचते रहते हैं और जब उनको पता चल जाता है कि अब उनके परिजनों के पास पैसा खत्म हो गया है तो वह अपने हाथ खड़े कर देते हैं ज्ञात हो कि संजय सोनी नामक झोलाछाप के द्वारा स्थापित श्री साईं नर्सिंग होम में तमाम प्रकार के ऑपरेशन भी कर दिए जाते हैं संजय सोनी सहित जिसके पास कोई भी मेडिकल की डिग्री नहीं है और ना ही है किसी स्टॉप के पास ही कोई डिग्री है फिर किस प्रकार से यह नर्सिंग होम खुलेआम चलाया जा रहा है और जम के मरीजों का सोशन यहां पर किया जा रहा है इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को भी दी गई है मगर कार्रवाई के नाम पर अभी तक कुछ भी नहीं किया गया है क्या ऐसा माना जाए कि स्वास्थ विभाग के अधिकारियों की सांठगांठ से इस तरह से क्षेत्रों में नर्सिंग होम चलाये जाते हैं अब देखना यह होगा की खबर प्रकाशन के बाद श्री राम नर्सिंग होम पर उच्च अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की जाती है या पूर्व की भांति ऐसे ही चलता रहेगा और स्वास्थ विभाग के अधिकारियों की काली कमाई का जरिया बना रहेगा।

## अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा डायल-112 के कर्मियों को फ्रेशर कोर्स समाप्ति पर प्रथम प्रतिसादकर्ता प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानितः-

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट विपिन कुमार श्रीवास्तव

अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में दिनांक 04.07.2022 से 23.07.2022 तक रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा के आर0टी0सी0 स्कूल में विभिन्न थानों से आये डायल-112 के 36 कर्मचारियों का फ्रेशर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों को पी0आर0वी0 वाहनों पर



लगे एम0डी0टी0 का संचालन, पी0आर0वी0 पर प्राप्त इवेन्ट को कुशलता पूर्वक निस्तारित करना, महिला सम्बन्धी अपराधों के सम्बन्ध में जानकारी, अग्नि सम्बन्धी मुद्दों के विषय में जानकारी व प्राथमिक उपचार आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। आज दिनांक 23.07.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा डायल-112 के 36 कर्मियों को फ्रेशर कोर्स समाप्ति पर प्रथम प्रतिसादकर्ता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## कांवड़ यात्रा के मद्देनजर एसपी ने किया सहसपुर चौकी का निरीक्षण और पैदल गश्त

फारूक अंसारी
दैनिक समाज जागरण

धामपुर।स्योहारा।हरिद्वार से गंगा जल लेकर लोट रहे शिव भक्तो की सुरक्षा और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बीती रात खुद एसपी बिजनौर दिनेश सिंह सहसपुर चौकी पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए कस्बे भर में पैदल मार्च करते हुए आवाम से अमन और सहयोग की अपील की।

इस मौके पर एसपी पूर्वी ओमवीर सिंह, सीओ इंदु सिदार्थ,थाना अध्यक्ष राजीव चौधरी,चौकी प्रभारी सुभाष बालियान व भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## रसायनिक उर्वरकों की कालाबाजारी व तस्करी चरम पर , 8 बोरी इफको खाद के साथ पकड़ा गया तस्कर

रुपईडीहा बहराईच। भारत नेपाल सीमा पर खाद की तस्करी चरम पर है। चूंकि इस समय धान की रोपाई चल रही है नेपाल में खाद की मांग भी बहुत अधिक बढ़ गई है। इसलिए सीमावर्ती तस्कर सक्रिय हो गए है। यहाँ तक कि इफको कंपनी की सहकारी समितियों पर मिलने वाली खाद की भी तस्करी चरम पर हो रही है। कई बार समाचार पत्रों में इस विषय पर समाचार भी प्रकाशित हो चुका है। परंतु संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के कान में जू तक नही रेंगती ताजा मामला रुपईडीहा थाना क्षेत्र में ग्राम रंजीतबोझा के पास का है। जहाँ पर मुखबिर की सूचना पर रुपईडीहा पुलिस द्वारा 8 बोरी इफको ब्राण्ड का खाद तस्करी कर नेपाल ले जाने के उद्देश्य से सीमा पार करने की कोसिस में पकड़ा गया। इस सम्बंध में रुपईडीहा थाना अध्यक्ष श्रीधर



पाठक से जब बात हुई तो उन्होंने बताया कि हाँ 8 बोरी खाद पकड़ी गई है। पकड़े गई खाद व तस्कर को रुपईडीहा कस्टम के सुपुर्द कर दिया गया है। ये मामला आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी का है। परंतु इसको तस्करी का रूप दे दिया गया। इसकि जानकारी के लिए जब जिला कृषि अधिकारी बहराईच से उनके मोबाइल नम्बर पर बात करने की कोसिस की गई तो 3 बार पूरी घंटी जाने के बाद भी फोन नही उठा। इस मामले से लगता है कि जहाँ किसान खाद के लिए दर दर भटक रहे हैं। और उनको खाद नही मिल रहा है। वही कालाबाजारी करने वालो की पौबारा है। इससे सिद्ध होता है। कि सरकारी लाइसेंस धारियों द्वारा कही न कही खाद की कालाबाजारी किया जा रहा है। इस मामले को जिला कृषि अधिकारी को संज्ञान में लेने की जरूरत है।

## कावड़ यात्रा के लिए घाघराघाट पर स्थापित शिविर का डीएम व एसएसपी ने किया निरीक्षण

बहराइच। श्रावण मास के दौरान कावड़ यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं तथा यात्रा मार्ग की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी के साथ घाघराघाट पहुँच कर कावंड़ियों के सहायतार्थ स्थापित किये गये शिविर का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम व एसएसपी ने घाघराघाट के तट, जहॉ से कावंड़ियों द्वारा जलाभिषेक के लिए जल लिया जाता है, का निरीक्षण कर सुरक्षा पहलुओं तथा साफ-सफाई का जायजा लेते हुए मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम व एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कावड़ यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। कावंड़ियों के लिए स्थापित किये गये शिविर में डीएम व एसएसपी ने तैयार किये जा रहे सूक्ष्म जलपान को ग्रहण कर गुणवत्ता को परखा। डीएम ने सूक्ष्म जलपान के लिए लगे हुए रसोईयों को नकद रूप से पुरस्कृत भी किया। डीएम ने घाघराघाट स्थित लो.नि.वि. के निरीक्षण गृह तथा एल्गिन ब्रिज के जल स्तर की निगरानी के लिए केन्द्रीय जल आयोग द्वारा स्थापित चौकी का निरीक्षण कर नदी के जल स्तर के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम डॉ. चन्द्र ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि डाक बंगले को रिनोवेट कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जाय। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कैसरगंज महेश कुमार कैथल व पुलिस क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार सिंह, बीडीओ जरवल सत्य प्रकाश पाण्डेय, थानाध्यक्ष जरवल रोड राजेश कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## पेट्रोल लेने आये ब्यक्ति की साइकिल चोरी

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़` इंडियन ऑयल द्वारा स्थापित किसान सेवा केंद्र शमशेरगंज में डीजल लेने आए एक व्यक्ति की साइकिल अज्ञात चोरों द्वारा चुरा ली गई। जानकारी के अनुसार जेठवारा थाना क्षेत्र के शमशेर बाजार स्थित पेट्रोल पंप पर डीजल लेने पूरनपुर खजूर के दूधनाथ निवासी राजकुमार द्विवेदी जैसे ही लगभग 11:00 बजे सुबह टंकी पर साइकिल खड़ी करके डीजल लेने चले गए । मोटरसाइकिल से आए तीन अज्ञात लोग भी टंकी पर पहुंचे। जिसमें से एक युवक मोटरसाइकिल से उतर कर साइकिल के पास पहुंच गया । वही मोटरसाइकिल से साथ में आया दूसरा युवक इधर उधर रेकी करने लगा ।तथा मोटरसाइकिल चालक पेट्रोल की लाइन में लग गया। जैसे ही राजकुमार द्विवेदी डीजल लेने लगे उधर मौका पाकर युवक साइकिल लेकर फरार हो गया। डीजल लेकर जैसे ही अपनी साइकिल की तरफ व्यक्ति मुड़ा तो देखा साइकिल गायब है। तुरंत ही इधर-उधर खोजबीन करने लगा। पेट्रोल पंप मैनेजर भी अपने स्तर से मोटरसाइकिल का पता लगाने का प्रयास किए पर असफल रहे। समाचार लिखे जाने तक चोरी की सूचना जेठवारा थाने को नहीं दी गई।

## पुरानी रंजिश को लेकर बदमाशों ने असलहे से डरा कर छिनी बाइक

अरुण शुक्ल लालगंज, प्रतापगढ़` विधानसभा विश्वनाथगंज के हरखपुर, खनीपुर के निवासी राम राज विश्वकर्मा की पुरानी रंजिश के चलते बदमशों ने छीनी बाइक,पीड़ित राम राज ने बताया की वह अपनी दुकान से शाम को घर जा रहे थे तभी अचानक चंद्रशेखर आजाद एकेडमी के आगे जा कर नहर पर पाइप की बनी पुलिया को पार कर रहा था तभी तो लोग आ कर मुझे धक्का देकर गिरा देते है, उसके बाद अचानक चार लोग मेरे सिर पर असलह लगा कर मेरी बाइक मुझसे छीन कर भाग जाते है जिसमे शमशेर पटेल सुत शंकर लाल पटेल का नकाब खुला होने से मौके पर पहचान लिया, बाकी लोगों को नकाब पोश होने के कारण पहचाना नही जा सका, मेरी गाड़ी का सीडी 100 है जिसका नम्बर वढ 72 इऊ6926 है,साथ मे आये अज्ञात लोगों ने जान से मारने की धमकी भी दी`

## देश नहीं विदेश में भी जलवा है प्रतापगढ़ी आम का

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़

आम फलों का राजा कहा जाता है` आम का नाम लेते ही मुंह पानी से भर जाता है` आज की पीढ़ी आम के उस अन्दाज से से खबर है जब भारत के गांवों में देशी आम के विशाल काम पेड़ हुआ करते थे और पके आम इतने मिला करते हैं कि पड़ोसी भी खाते खाते ऊब जाया करते थे` आम के रस की अमावटे चादर पर बिछाकर बनाती जाती थी` वह दौर गया और नमी तकनीक से आमों की प्रजातियां बाजार में आ गयीं` पहले लखनऊ के मलीहाबाद में आम की खेती शुरू हुई जिसमें दशहरी ,चौसा जैसे रसीले आमों ने देश वासियों का मन मोह लिया` इस समय प्रतापगढ़ की कुंडा तहसील आम के लिए प्रसिद्ध है जहां मीलों तक आम ही आम के विशाल बाग दिखाई पड़ेंगे इन आमों में दशहरी आमों का बड़ी मांग होती है इसमें रेशे न होने के कारण केवल दल और बहुत ही पतली गुठली होती है` स्वाद में अच्छा एवं मीठा होने के कारण इसकी मांग देश के विभिन्न भागों के अलावा बंगलादेश ,पाकिस्तान श्री लंका के लाल विदेशौ के विभिन क्षेत्रो भी बहुतायत। है` सरकार ने आमों के संरक्षण के लिए कंडा मानिकपुर को आम्र पट्टी घोषित कर यहां ईंट भट्ठों की मनाही कर रखी है`

## यू - डायस पर डाटा फीड नहीं हुआ तो जाएगी मदरसों की मान्यता सच्चिदानंद तिवारी

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सच्चिदानंद तिवारी ने बताया कि अगर अल्पसंख्यक मदरसे यू-- डायस पर अपना डाटा फीड नहीं करते तो उनके विद्यालय की मान्यता निरस्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी` श्री तिवारी ने बताया कि मदरसों के प्रबंधक लापरवाही। करेंगे तो उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है` सम्पूर्ण। जनपद में कुल १६० मदरसे मान्यता प्राप्त है जो सरकारी नियमावली के अधीन हैं` ६२ मदरसे ऐसे हैं जिन्होंने अपना बाकि फीड नहीं कराया है उन्हें सूचना देकर एक निश्चित समय पर डाटा फीड करने को कहा गयि है यदि ऐसा नहीं किया गया तो वैधानिक कार्यवाही की जाएगी`

## राम वन गमन को हरा-भरा बनाने की कवायद शुरू

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़

भगवान् श्री राम जिस मार्ग से अयोध्या से निकल कर चित्रकूट गये थे उस मार्ग को हरा-भरा बनाने की दिशा में सरकार ने काम करना आरम्भ कर दिया है` अयोध्या से चित्रकूट की दूरी करीब १७० किमी है` सरकार ने राम वनपथ को पहले से ही मंजूरी दे रखी है लेकिन इस मार्ग के दोनों ओर सुंदर आम ,पीपल ,नीम ,जामुन, कदम्ब आदि के वृक्षों का रोपण। कर इसे हरा-भरा व सुंदर छायादार बनाया जायेगा`

निषादराज गुह के श्रृगवेरपुर घाट पर लगभग किमी लम्बा पुल गंगा पर बनेगा` पर्यावरण सुरक्षा का सन्देश देता हुआ यह मार्ग राम के आदर्शों को एकबार याद तो अवश्य ही करायेगा` जनपद के मोहनगंज से लेकर श्रृंगवेरपुर तक ४५ हजार बृक्ष लगाने की योजना वन विभाग की है, इसमें एक करोड़ पच्चीस लाख खर्च का अनुमान है ।

रामवनपथ गमन की योजना पर दो ४४०० करोड़ रुपए के खर्च का अनुमान है

## अमेठी के लाल को मिला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

फिल्म इंडस्ट्री के हर कलाकार की इच्छा होती है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में जगह बनाने की । आज अमेठी जनपद के लिए गौरव का पल है कि अमेठी के गौरीगंज में जन्में मनोज शुक्ला यानी मनोज मुंतशिर का नाम सायना फिल्म के लिए गए गीत श्मै परिदा क्यों आसमा बनना है। के लिए सर्वश्रेष्ठ गीतकार के रूप में दिया जाएगा। सोशल मीडिया पर जारी संदेश में मशहूर गीतकार व शायर मनोज मुंतशिर ने कहा है कि मेरी इस गीत का श्रेय गौरीगंज और अमेठी के लोगों को जाता है। बताते चले कि मशहूर गीतकार मनोज मुंतशिर दर्जनों सुपर हिट गीत लिख चुके है और बडे पर्दे पर धूम मचाने वाली बाहुबली मूवी के संवाद लेखन का काम भी मनोज मुंतशिर द्वारा किया गया है मनोज मुंतशिर के बचपन के अजीत मित्र डॉ दीपक सिंह ने इस अवसर पर कहा कि अमेठी में मनोज के इस उपलब्धि पर हर्ष का माहौल है। एक सामान्य परिवार से निकलकर मुंबई पहुंचकर अपनी कलम से चमक विखेरने वाले मनोज मुंतशिर से हर युवा को प्रेरणा लेने की जरूरत है और यह स्पष्ट संदेश है कि युवाओं को बड़े सपने देखना चाहिए जो बडे सपने देखते है और कडी मेहनत करते है उन्है मनोज की तरह सफलता अवश्य मिलती है।



## श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल के बच्चों ने किया योग

दैनिक समाज जागरण/ अखिलेश सिंह ब्यूरो हरदोई।मंगली पुरवा स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल के बच्चों को स्वस्थ व निरोग रहने के लिए योग कराने की परंपरा शुरू की गई है बच्चों को योग शिक्षिका आरती वर्मा के द्वारा प्रतिदिन योग कराया जा रहा है। योग शिक्षिका आरती वर्मा का कहना है कि योग हमारे देश के प्राचीन संस्कृत का गौरव है जिसकी वजह से भारत विश्व का गुरु रहा है योग करने से रोगों से लड़ने की शक्ति बढ़ती है जिससे शरीर स्वस्थ और बलवान बना रहता है। योग लगातार करने से रक्तचाप और हृदयगति के नियंत्रण में मदद मिलती है योग करने

## प्राथमिक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक एक माह से विद्यालय नहीं आए , हेड मास्टर सस्पेंड

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़ : सरकार के लाख प्रयास के बाद भी सरकारी मुलाजिम सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं क्योंकि लोगों को पता है आज निलम्बित होगा और कल चिंदी के जूते के बल पर बहाल हो जाएंगे तभी तो दंड का भय खत्म है फिर भी। अधिकारीगण अपना काम तो करते ही हैं`

शिक्षा विभाग जो अपने भ्रष्ट तम कृत्यों से पूरी तरह बदनाम हो चुका है उसके सुधारने का प्रयास किया जा रहा है` जिले के बीएसए भूपेन्द्र सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को विकास खंड बिहार में 22 टीमों ने अलग अलग 124 परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण किया। अफसरों ने शिक्षक व बच्चों की उपस्थिति, एमडीएम व शैक्षिक गुणवत्ता की हकीकत खंगाली। शाम को मिली रिपोर्ट के बाद बीएसए ने एक हेडमास्टर को सस्पेंड कर दिया, दो का वेतन भुगतान रोक दिया व एक हेडमास्टर से स्पष्टीकरण मांगा है।

अफसरों की ओर से बीएसए को दी गई रिपोर्ट के मुताबिक बिहार विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय अवतारपुर में तैनात सहायक अध्यापक कुतुबुद्दीन 22 जून से विद्यालय नहीं आए हैं। ऐसे में बीएसए ने हेडमास्टर धर्मेंद्र मिश्र को सस्पेंड कर दिया। उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। संविलियन विद्यालय मौरी में चूल्हे पर एमडीएम पकाया जा रहा था, साथ ही नामांकन के सापेक्ष बच्चो की उपस्थिति कम रही। ऐसे में हेडमास्टर श्यामलाल सरोज का वेतन रोक दिया गया। प्राथमिक विद्यालय देवरपट्टी में अफसरों को शैक्षिक गुणवत्ता खराब मिली। साथ ही परिसर में गंदगी मिली। ऐसे में हेडमास्टर पूजा सिंह का वेतन रोक दिया गया। इसी तरह प्राथमिक विद्यालय सराय संस्था में सफाई व शैक्षिक गुणवत्ता में कमी मिली।

## मनरेगा योजना मे लाखों की हेराफेरी पकड़ी गयी ,धन वापस खजाने में

समाज जागरण
विश्वनाथ त्रिपाठी/अरुण शुक्ल


प्रतापगढ़ /लालगंज ,,देउम पूरब ग्राम सभा मे प्रधान व ब्लाक कर्मचारियो ने लाखों का हेरा फेरी करने का मामला पप्रकाश मे आया है '

दो माह पूर्व ग्रामीणो ने जिला अधिकारी से सिकायत किया था कि ग्राम प्रधान मन्जू सिंह व ग्राम पंचायत अधिकारी, राम शिरोमणि मिश्र तथा तकनीकी सहायक विजय नाथ मिश्र के द्वारा गाँव मे रामफल के घर से रामशरण के घर तक 152 मीटर खडन्जा मनरेगा योजना के अन्तर्गत बिना कार्य किये लाखों रुपया निकाल लिया गया है. एक माह पूर्व गाँव मे जांच टीम पहुंच कर खडन्जे की हकीकत खन्गाला तो अनियमितता पाई गयी ' और 120104 रुपये की धान्धली सामने आई ' जो ग्रामीणो की सिकायत सही पाये और टीम जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौप दिया गया ' जिसमे जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को आदेश दिये कि अबैध धन की वसूली प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी, व सहायक तकनीकी से वसूल कर सरकारी कोश मे जमा कराये और अरोपियो पर मुकदमा दर्ज कराये ' जिलाधिकारी के आदेश पर खंड विकास अधिकारी रमाशंकर सिंह ने प्रधान मन्जू सिंह से 40034,ग्राम पंचायत अधिकारी राम सिरोमणि मिश्र से 40035,तथा तकनीकी सहायक विजय नाथ मिश्र से 40034 रुपये वसूल कर सरकारी कोश मे जमा कराया गया ' तथा तीनो आरोपियो पर शुक्रवार को मुकदमा दर्ज किया गया ' '

## बेशकीमती तालाब की जमीन में 39 को नोटिस दो को संरक्षण कब होगी इन दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई

समाज जागरण मनोज यादव
ब्यूरो अमेठी

शुकुल बाजार अमेठी बेशकीमती तालाब के विभिन्न भूखंडों पर अतिक्रमण को लेकर उप जिलाधिकारी मुसाफिरखाना द्वारा बाजार शुकुल में 16 सदस्य टीम द्वारा जांच में तालाब पर कुल 41 लोगों का अवैध कब्जा पाया गया जिनमें से 39 लोगों को तहसील प्रशासन द्वारा नोटिस जारी की गई। लेकिन सूत्रों के मुताबिक दो अवैध कब्जेदारो अशोक पाल पुत्र राम बक्स और जगदीश पाल पुत्र राम बक्स को अभी तक तहसील प्रशासन द्वारा नोटिस नहीं दी गई। सूत्रों की माने तो पूर्व प्रधान पति जगदीश पाल पुत्र राम बक्स व अशोक पुत्र राम बक्स क को अभी तक नोटिस क्यों नहीं जारी हुई बड़ा सवाल। जबकि इन दोनो लोगों का सड़क के किनारे करोड़ों रुपए की जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया है जो कि 16 सदस्य टीम ने साफ-साफ अंकित किया है और उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भी भेजी है। अगर विश्वसनीय सूत्रों की रिपोर्ट सही है तो जब 39 लोगों को अवैध अतिक्रमण की नोटिस जारी की गई तो 2 अवैध अतिक्रमण कारियो को आखिर तहसील प्रशासन क्यों बचा रहा है यह अपने आप में बड़ा सवाल है। आखिर इन दोनो अवैध अतिक्रमण कारियो को कब नोटिस जारी होगी और उनके खिलाफ कब कार्रवाई होगी। जबकि यह जमीन रोड से सटे 7 से 8लाख रुपए फिट की जमीन है जहां सुप्रीम कोर्ट का निर्देश भी है कि तालाब की जमीनों को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए ऐसे में एक हफ्ते पहले सभी 39 अतिक्रमणकारियों को नोटिस कट गई फिर 2 अतिक्रमणकारियों को नोटिस क्यों नहीं कटी। सरकारी तालाब की जमीन खाली कराने की जगह अतिक्रमणकारियों को ही तहसील प्रशासन द्वारा संरक्षण कहीं ना कहीं अपने आप में बड़ा सवाल है।



## आज थाना दिवस के दौरान थाना अमेठी में डीएम व एसपी ने सुनी जन समस्याएं प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के दिए निर्देश।

समाज जागरण मनोज यादव
ब्यूरो अमेठी

अमेठी शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व पुलिस अधीक्षक इलामारन अमेठी थाने में आयोजित थाना दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। आज थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान डीएम व एसपी ने मुहर्रम के त्यौहार को लेकर बैठक किया एवं त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। इस अवसर पर थानाध्यक्ष अमेठी, लेखपाल व कानूनगो सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।



## गोरखापुर गौशाला में अव्यस्थाओ का बोलबाला नही है हरे चारे व चुनी चोकर की व्यवस्था

समाज जागरण मनोज यादव
ब्यूरो अमेठी

खबर अमेठी जिले की संग्रामपुर विकासखंड के गोरखापुर गौशाला का है जहां गौशाला के निर्माण बाद से लगातार गौशाला की हालत सुधरने का नाम नहीं ले रहा है जिससे आए दिन उचित खानपान की व्यवस्था ना होने व देखभाल के अभाव में गौशाला में मौजूद गोवंश व गाये दम तोड़ रही हैं तो दूसरी तरफ गौशाला में एक ही शेड होने से बहुत से गौशाला में मौजूद गौवंश और गाय खुले आसमान के नीचे बरसात, ठंड और गर्मी झेल रहे है गौशाला में कुछ पशुओं को बांधकर रखा गया है तो कुछ को छुट्टा छोड़ दिया गया है तो मरने वाले पशुओं की संख्या को पूर्ण करने के लिए कई पशुओं की टैगिंग नही हुई है । सरकार गौशाला में पशुओं की संख्या के सापेक्ष में हर गौशाला पर हरे चारे, चुनी चोकर व रखरखाव के नाम पर लाखों रुपये खर्च कर रही है इस बार शासन द्वारा सीजन में सभी गौशालाओं में कम से कम ढाई सौ कुंतल भूसे की खरीद सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था लेकिन बुधवार 20 जुलाई को गोरखापुर गौशाला में मात्र 10 से 12 कुंतल भूसा मौजूद मिला जोकि 71 पशुओ के संख्या के सापेक्ष में एक हफ्ते से भी कम का आहार है ग्राम प्रधान और प्रधानप्रतिनिधि द्वारा अन्य जगह भूसा डंप करने के दावे किए गए लेकिन हकीकत सामने नहीं आया हैं अधिकारियों के निरीक्षण में अक्सर प्रधान व सचिव द्वारा गौशाला में भूसा रखने की जगह नहीं होने के कहते हुए भूसा दूसरी जगह डंप होना बताया जाता है लेकिन सूत्रों की माने तो 10 से 12 कुंतल भूसा जो एक हफ्ते के लिए ही पर्याप्त नहीं है उसको 15 से 20 दिन तक उन्हें पशुओं में थोड़ा-थोड़ा बांटकर काम चलाया जाता है कागज में कई केयर टेकर की नियुक्ति की जाती है लेकिन मौके पर पहुंचने पर एक ही केयर टेकर मौजूद मिलता हैं वही स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना किसी नीलामी के गोरखापुर गौशाला में इक्कट्ठा हुए गोबर की खाद को ग्राम प्रधान द्वारा बेंच दिया गया है और उसका पैसा खुद रख लिया गया जिसका जेसीबी से गौशाला से ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा ढुलाई का वीडियो भी ग्रामीणों द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा है।



## छात्रवृत्ति हेतु अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्रायें 30 सितम्बर तक करें आनलाइन आवेदन

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सच्चिदानन्द तिवारी ने बताया है कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अल्पसंख्यक वर्ग (मुस्लिम, सिख, ईसाई, जेन, बौद्ध, पारसी) के छात्र/छात्राओं हेतु प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, एवं मेरिट कम मीन्स योजनान्तर्गत वर्ष 2022-23 में आवेदन आनलाइन करने, आईएनओ लेवल वेरिफिकेशन (इन्स्टीट्यूट नोडल वेरीफिकेशन) एवं सेकेण्ड लेवल वेरीफिकेशन (डीएमओ लेवल) की समय सारिणी निर्गत की गयी है। उन्होने बताया है कि प्री-मैट्रिक हेतु हेतु छात्र 30 सितम्बर तक आनलाइन आवेदन कर सकते है तथा आईएनओ लेवल वेरीफिकेशन की अन्तिम तिथि 16 अक्टूबर व सेकेण्ड लेवल फेरीफिकेशन की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गयी है।

इसी प्रकार पोस्ट मैट्रिक तथा मेरिट-कम-मीन्स हेतु छात्र आनलाइन आवेदन 30 सितम्बर तक कर सकते है। इसके अलावा आईएनओ लेवल वेरीफिकेशन की अन्तिम तिथि 15 नवम्बर व सेकेण्ड लेवल फेरीफिकेशन की अन्तिम तिथि 30 नवम्बर निर्धारित की गयी है। उन्होने अल्पसंख्यक छात्र/छात्राओं को सूचित किया है कि जो सरकारी, निजी, विश्वविद्यालयों, संस्थानों, महाविद्यालयों, विद्यालयों, मदरसों में अध्ययन कर रहा हो और पाठ्यक्रम न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का हो और आवेदक पिछले वार्षिक बोर्ड/कक्षा की परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किया हो, आनलाइन आवेदन कर सकता है। छात्रवृत्ति से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय विकास भवन में प्रत्येक कार्य दिवस में सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

## जनपद में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अन्तर्गत 20 अगस्त तक निषेधाज्ञा लागू

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। जनपद में श्रावण मास में आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा, नागपंचमी, मोहर्रम, रक्षाबन्धन, स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी तथा इस दौरान सम्भावित विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरते जाने व परीक्षाओं को सकुशल, नकलविहीन सम्पन्न कराने एवं त्योहारों को सद्भाव व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के हेतु अपर जिला मजिस्ट्रेट त्रिभुवन विश्वकर्मा ने दिनांक 20 अगस्त 2022 तक दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अन्तर्गत जनपद प्रतापगढ़ के सम्पूर्ण क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। उन्होने बताया है कि एक स्थान पर 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों का विधि विरूद्ध जमाव प्रतिबन्धित किया जाता है। त्योहार के पावन पर्व पर कोई नई परम्परा नही कायम की जायेगी। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थानों पर रिवाल्वर, पिस्टल, राइफल, बन्दूक अथवा घातक हथियार अथवा लाठी, डंडा, हाकी स्टिक आदि या किसी भी प्रकार का हथियार/शस्त्र लेकर नहीं चलेगा, न तो उसका प्रयोग करेगा। किसी भी सार्वजनिक धार्मिक स्थल पर डीजे, गीत-संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों से अधिक नहीं होगी व लाउडस्पीकर का प्रयोग किसी भी दशा में इस प्रकार से नही किया जायेगा जिससे विभिन्न सम्प्रदाय के लोगों में उत्तेजना फैलने की सम्भावना हो। इस सम्बन्ध में शासन द्वारा दिये गये निदेर्शां का कड़ाई से परिपालन किया जायेगा और लाउडस्पीकर का प्रयोग सक्षम अधिकारी एवं सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति से ही किया जा सकेगा। किसी भी सार्वजनिक, धार्मिक स्थल पर कोई ऐसी जनसभा, रैली या जुलूस का आयोजन नहीं किया जायेगा और न ही किसी प्रकार की अफवाह फैलाई जायगी। कांवड़ यात्रा मार्ग पर कहीं भी खुले में मांस आदि की खरीद-बिक्री नहीं होगी। परीक्षा केन्द्रों के आस-पास 200 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यन्त्रों, ब्लूटूथ एवं आई0टी0 गैजेट्स सहित किसी प्रकार की अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा।

## शोक संवेदना व पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने पहुंचे बजरंग दल के संगठन मंत्री

समाज जागरण अरुण शुक्ल

लालगंज/ प्रतापगढ़ विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल काशी प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री मुकेश जी विविया पुर पहुंच कर विगत 16 जुलाई को मानिकपुर से अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे आलोक पाण्डेय जी की निर्मम हत्या कर दी गई थी आज उनके निवास स्थान विवियापुर पहुंच कर दुख की इस घड़ी में परिवार को सांत्वना दी और हर सम्भव मदद की दिलासा दी उसने पिता जी द्वारा जांच की मांग को सासन तक पहुंचाकर जांच का आश्वासन दिया और सुरक्षा व्यवस्था की बात कही और मानिकपुर में एक हिंदू सम्मेलन कराने को कहा इस अवसर पर विभाग कार्य कारी अध्यक्ष प्रतापगढ़ जुगनू जी विभाग संगठन मंत्री मोहन जी प्रखंड अध्यक्ष संतोष जी मीडिया प्रमुख अजय जी दीना नाथ शुसील संजय सुभाष मिश्रा जी पुल्लू बिमलेस जी उमेस जी अखिलेष जी प्रदीप जी दर्जनों विहिप बंजरग दल समाज सेवी के पदाधिकारी गण सदस्य गण उपस्थित रहे

## दहेज उत्पीडन पर पति समेत पांच लोगो पर मुकदमा दर्ज

समाज जागरण अरुण शुक्ल

सांगीपुर,प्रतापगढ़, लखहरा गाँव निवासी महेश सिंह पुत्र केदार सिंह ने थाने पर तहरीर देते हुये आरोप लगाया है कि मेरी लडकी की शादी एक वर्ष पूर्व उधवामउ बिसुन खेडा बैसवारा लालगंज रायबरेली निवासी यसवन्त सिंह के लडके राहुल उर्फ सासेन्द्र सिंह से तय दहेज के अनुसार किया था ' किन्तु छह माह बाद ससुराल पच्छ के लोग बुलेट व पचास हजार रुपये की मांग करने लगे ' न देने पर मेरी लडकी को पति समेत ससुर यसवन्त सिंह, सास सुमन,ननद स्वेता उर्फ ममता तथा देवर जितेन्द्र सिंह आये दिन अपमानित करना ,गाली गलौज करना, मारना पीटना तथा देवर द्वारा कपडा उतार कर अस्लील हरकत करते थे ' पुलिस जाँच कर पति समेत पांचों अरोपिओ पर दहेज उत्पीडन अधिनियम पर मुकदमा दर्ज कर दिया है

## रविवार को एक दिवसीय दौरे पर आएंगे स्मृति ईरानी अमेठी

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री दीदी स्मृति ईरानी रविवार को एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी आ रही है। केंद्रीय मंत्री व सांसद दीदी स्मृति इरानी के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी रविवार को विमान से रविवार सुबह 8 :40 पर लखनऊ पहुंचेगी और वहां से वह सड़क मार्ग से तिलोई विधायक व मंत्री मंकेश्वर शरण सिंह के आवास राज भवन तिलोई सुबह 9:45 बजे पर पहुंचेगी अभी हाल ही में विधायक जी के भाई के निधन हो गया था। परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद दीदी 10:45 पर सलोन के नसीहाबाद सीएचसी के लिए प्रस्थान करेंगी साढे 11 बजे दीदी सीएचसी पहुंचेगी और 12 बजे वह वहां से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी।



## तेंदुआ का वीडियो वायरल, ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग अलर्ट

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। नेवादा खुर्द गांव में नहर के किनारे शुक्रवार की शाम झाड़ियों में ग्रामीणों ने किसी जंगली जानवर की हलचल देखी। कौतूहलवश दूसरी पटरी पर छिपते हुए उसका वीडियो बनाकर सोसल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसने भी उसे देखा कहने लगा कि यह तो तेंदुआ है ग्रमीणों ने वन विभाग के कालाकांकर डिप्टी रेंजर अवध बिहारी को फोटो व वीडियो भेजकर तेंदुआ की सूचना दी। ग्रामीणों का कहना कि करीब छह महीने से इलाके में बकरी जैसे छोटे जानवर गायब होने से लोगों को तेंदुआ की आशंका थी। ग्रामीणों के मुताबिक शुक्रवार को नहर किनारे झाड़ियों में तेंदुआ दिखा। जिले में तेंदुआ दिखने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। डीएफओ वरुण सिंह का कहना है कि फोटो देखकर साफतौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता। वन विभाग की टीम तेंदुए की तलाश कर रही है। अभी तक किसी का नहीं किया नुकसान तेंदुए का क्षेत्र में विचरण करने की जानकारी पाकर लोगों में खौफ बना हुआ है।

## गोकसी अरोपियो के खिलाफ थाने पर प्रदर्शन

समाज जागरण अरुण शुक्ल

,लालगंज प्रतापगढ़, बजरंग दल व विश्व हिंदू परिसद के कार्यकर्ताओ ने गोकसी अरोपियो के खिलाफ थाने पर सिकायत किया और कार्यवाही न होने पर आंदोलन की चेतावनी दिया' अट्ठारह जुलाई कि रात रगौली गाँव के किनारे तालाब के पास अखलेश पुत्र मेवालाल भारतीय, अंकज पुत्र रामलखन भरतीय, कुछ अग्यात लोगो को गाय काटकर बैन कार मे भरते हुये ग्रामीणो ने देखा' ग्रामीण जब तक भाग कर जाते तब तक आरोपी गड भाग गये' ग्रामीणो ने प्रधान को बताया और पुलिस को सूचना दिया ' पुलिस पहुंच कर जानकारी किया और घटनास्थल पर पड़े मान्स के टुकडे को जमीन मे गडवा दिया किन्तु पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं होने से शनिवार को तीर्थ राज विश्वकर्मा उर्फ गान्धी निवासी कोटवा सुकुलपुर के तहरीर देते समय दर्जनो विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने हंगामा करते हुये कहा कि गोकसी आरोपियो को शीघ्र गिरफ़्तार नही किया गया तो धरना प्रदर्शन किया जायेगा

## जाएंट्स ग्रुप महिला जागृति बहजोई द्वारा पॉलिथीन बहिष्कार

दैनिक समाज जागरण बहजोई ।जाएंट्स ग्रुप महिला जागृति बहजोई द्वारा पॉलिथीन बहिष्कार पर राधेश्याम प्रभावती स्कूल में एक गोष्टी व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया! जिसमें कक्षा 4 व 5 के बच्चों ने भाग लिया ग्रुप द्वारा प्रथम व द्वितीय पुरस्कार दिए गए और बाकी बच्चों के सांत्वना पुरस्कार दिया गया सभी बच्चों ने तथा समस्त ग्रुप में पॉलिथीन बहिष्कार करने का संकल्प लिया तथा राधेश्याम प्रभावती स्कूल व जाएंट्स ग्रुप महिला जागृति की महिलाओं द्वारा सभी अध्यापकों के लिए 20 कुर्सी तथा प्रधानाचार्य के लिए यह कुर्सी दी गई कुर्तियां पाकर सभी लोग बहुत खुश हुए ग्रुप के द्वारा यह एक बहुत ही सराहनीय कार्य रहा इस कार्यक्रम में मीनू वार्ष्णेय,सुनैना वार्ष्णेय,अनीता, डोली, रश्मि,कमल शंकर, अर्चना, प्रति आदि उपस्थित रहे!

## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन मैं कवि एवं कवित्रीयों ने बांधा समा दर्शकों ने जमकर बजाई तालियां।

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह बबराला गुन्नौर। राजघाट गंगा घाट पर मां गंगा की भव्य महाआरती के तृतीय वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन रोटरी क्लब बबराला गंगा, मां गंगा जन कल्याण समिति द्वारा बबराला के बगीचा वेंकट हाल में कराया गया।सर्वप्रथम उपजिलाधिकारी रामकेश धामा तहसीलदार देवेंद्र मणि त्रिपाठी समिति अध्यक्ष अतुल गोयल एवं योगेंद्र सिंह यादव एडवोकेट भगवान सिंह यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपनी पेंटिंग से देश में महारत हासिल कर चुकीं ममता राजपूत ने मंच पर बच्चों से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कराया। कवि सम्मेलन में कवयित्री



राधिका मित्तल ने कहा कि सांवरा तू है, मै सांवरी हो गई,प्यार में तेरे बाबरी हो गई।

कवयित्री प्रीति अग्रवाल ने पढ़ा कि अब देश में देश द्रोहियों गद्दारों की दाल नहीं गलने देंगे।

कवि लटूरी लठ्ठ ने सुनाया कि प्रेम सन्देशा हाथ ले,आंगन खड़ा बसन्त। शकुंतला है बाग में,ठेके पर दुष्यंत।।

कवि अभय सिंह निर्भीक ने कहा कि भारत माता का हरगिज सम्मान नहीं खोने देंगे।

अपने पूज्य तिरंगे का अपमान नहीं होने देंगे।।

कवि डॉ अक्षत उर्मिलेश बदायूं ने भारत की आजादी के लिए हुए वीर शहीदों के सपनों के भारत एवं आज के भारत पर कविता पेश की। कार्यक्रम के अंत में कवि सम्मेलन में भाग लेने आए अधिकारी समस्त कवि एवं कवित्री पत्रकारों एवं बच्चों सहित सम्मानित लोगों को समिति अध्यक्ष अतुल कुमार भोला समिति के सदस्यों तथा योगेंद्र यादव द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ कैलाश वार्ष्णेय, अखिलेश अग्रवाल, एडवोकेट भगवान सिंह यादव, दयाशंकर आर्य, ममता राजपूत, सोनू गोयल, सत्येंद्र कुमार गौतम, समिति के सदस्य एवं सैकड़ों महिला व पुरुष दर्शक मौजूद रहे।

# वार्डवार मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन :- उपायुक्त अजय कुमार

**समाज जागरण नूंह जुबैर खान**

नूंह, 23 जुलाई : उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अजय कुमार ने बताया कि हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के अनुबंधों के तहत छठे पंचायत आम चुनाव के लिए राज्य चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित विधानसभा मतदाता सूची अनुसार जिला के सभी 7 खंडों क्रमशः नूह, इंडरी, नगीना, पिनंगवां, पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका, तावडू के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों की वार्डवार मतदाता सूचियों का नियमानुसार अंतिम प्रकाशन दिनांक 22.7.2022 को कर दिया गया है। यह मतदाता सूचियां उनके कार्यालय तथा संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में आम जनता के निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

# डॉक्टर गोबिंद की टीम ने पहुंच कर कावडिड्रों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और सभी आवश्यक दवाईयों व साजो सामान की उपलब्धता कराई

## चिकित्सीय टीम ने कावड़ शिविर का दौरा

**समाज जागरण नूंह जुबैर खान**

नूंह शनिवार को जिला में कांवडिड्रों के आगमन पर नूंह की नई अनाज मंडी में लगा कांवड़ सेवा शिविर में सीएचसी नूंह के एसएमओ डॉ गोबिंद शरण व उनकी चिकित्सीय टीम ने पहुंचकर कावडिड्रों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और सभी आवश्यक दवाईयों व साजो



सामान की उपलब्धता कराई। कावड़ शिविर में तैनात मेडिकल स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिए ताकि कांवड़ शिविर में कावडिड्रों को किसी प्रकार की समस्या न झेलनी पड़ी और शिविर में मौजूद सभी कावड़ श्रद्धालुओं को फल व पेय पदार्थ वितरित भी किये।

फोटो केप्सन जेपीजी 23 नूंह 4 में नूंह में कांवड शिविर में चिकित्सीय टीम फल, दवा आदि वितरित करते हुए

# तबादले के पंद्रह दिनों बाद भी संग्रह लिपिक को रिलीव नहीं कर रहे अधिकारी

**समाज जागरण**

कर्नलगंज, गोण्डा। तबादले के पंद्रह दिनों बाद भी तहसील कार्यालय कर्नलगंज में तैनात संग्रह लिपिक को स्थानीय अधिकारियों द्वारा रिलीव नहीं किया गया है। यह लिपिक कई वर्षों से इसी तहसील में कार्यरत है। जिसका बीते पंद्रह दिनों पूर्व तबादला होने के बावजूद अभी तक रिलीव ना किये जाने से जिम्मेदार अधिकारी पर ही सवाल उठने लगे हैं।

बताते चलें कि तहसील कार्यालय कर्नलगंज के संग्रह विभाग में तैनात चहेते बाबू पर अधिकारी विशेष रूप से मेहरबान है। जानकारी के मुताबिक इसी तहसील कार्यालय में कई वर्षों से कार्यरत शिवकुमार संग्रह लिपिक का पटल देख रहे हैं। विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक संग्रह लिपिक का




उच्चाधिकारियों द्वारा बीते पंद्रह दिनों पहले तबादला किया जा चुका है। लेकिन उन्हे अभी तक रिलीव नहीं किया गया है जिससे जिम्मेदार अधिकारी की मेहरबानी से यह संग्रह पटल पर जमे हुए हैं। नियमानुसार तबादले के बाद बाबू को तत्काल रिलीव कर देना चाहिए, जिससे वह संबंधित विभाग में योगदान कर सके।जबकि उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से नई तबादला नीति को लेकर 17 सूत्रीय गाइड लाइन जारी की गई है। यूपी में ट्रांसफर के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों को तय समय सीमा में कार्यभार संभालना ही होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो विभागीय कार्रवाई होगी। तबादला नीति के मुताबिक उसे कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। इसमें कहा गया कि तबादला होने के बाद अगर कोई अधिकारी, कर्मचारी को कार्यमुक्त नहीं करता है, तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। तबादला होने के एक सप्ताह के अंदर नया काम शुरू करना होगा। इसके बाद भी अभी तक उक्त लिपिक को रिलीव ना किये जाने से जिम्मेदार अधिकारी पर सवाल उठ रहे हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में परसपुर के डिग्री कॉलेज से छात्रा लापता

**हैरान परेशान परिजनों ने थाने में दर्ज कराई गुमशुदगी की रिपोर्ट**

**समाज जागरण**

कर्नलगंज/परसपुर गोण्डा । तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत परसपुर के डिग्री कॉलेज में पढ़ने गयी करीब 19 वर्षीय छात्रा छुट्टी होने के बाद भी घर वापस नहीं आई। वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गयी। जिससे परिजनों ने छात्रा के घर वापस न पहुँचने पर आस पड़ोस व सगे संबंधियों में काफी खोजबीन किया किन्तु उसका कहीं पर कोई भी पता नहीं चल सका। हैरान परेशान परिजनों ने थाने में इसकी तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित परिजन के तहरीर पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली करीब 19 वर्षीय छात्रा 20 जुलाई को परसपुर कस्बा स्थित महाकवि तुलसीदास महाविद्यालय में पढ़ने के लिए घर से गयी तथा छुट्टी होने के बाद उसके घर वापस ना आने पर परिजनों ने काफी खोजबीन किया। किन्तु उसका कहीं कोई पता नहीं सका है। जिससे हैरान परेशान परिजनों ने थाने में इसकी तहरीर दी है। इस संबंध में परसपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गयी है और छात्रा की तलाश जारी है।

# आयुष्मान शुक्ला ने सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में जिला टॉप कर बढ़ाया मान

## होनहार छात्र की इस सफलता पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए दी बधाई

कर्नलगंज, गोण्डा। यदि कोई भी कार्य मेहनत लगन से किया जाये और इरादा पक्का हो तो कुछ भी संभव है। कुछ इसी तरह से कर दिखाया है तहसील क्षेत्र कर्नलगंज के हलधरमऊ ब्लाक अन्तर्गत ग्राम पंचायत असरना डेलई पुरवा निवासी एक होनहार छात्र ने, जिस पर उसके माता-पिता व गुरुजनों सहित इष्ट मित्रों को गर्व है। तहसील क्षेत्र के हलधरमऊ ब्लाक अन्तर्गत ग्राम पंचायत असरना डेलई पुरवा निवासी अनिल कुमार शुक्ल के सुपुत्र आयुष्मान शुक्ल ने अपनी कठिन मेहनत की बदौलत सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में जिला टॉप कर क्षेत्र सहित पूरे जिले का नाम रोशन किया है। जनपद सिद्धार्थनगर के गंगा नेशनल पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत आयुष्मान ने दसवीं की परीक्षा में 96.6 प्रतिशत अंक हासिल करके अपने माता-पिता व गुरुजनों का मान बढ़ाते हुए पूरे जिले का नाम रोशन किया है। आयुष्मान की इस सफलता पर ईष्ट मित्रों, सगे संबंधियों सहित क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

# उप-पुलिस अधीक्षक तावडू सुरेंद्र कुमार की हत्या मामले में पुलिस को मिली बडी सफलता, 4 और आरोपी दबोचे, अब तक कुल 6 आरोपियों को पुलिस ने दबोचा।

**समाज जागरण ब्यूरो तावडू**

नूंह उप-पुलिस अधीक्षक तावडू सुरेंद्र कुमार की हत्या मामले में पुलिस को मिली बडी सफलता, 4 और आरोपी दबोचे, अब तक कुल 6 आरोपियों को पुलिस ने दबोचा है ' वरुण सिंगला, पुलिस अधीक्षक, नूंह ने शनिवार देर शाम पत्रिरकार वार्ता के दौरान बतलाया कि उप-पुलिस अधीक्षक, तावडू हत्या मामले में पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के अलावा चार अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । निरीक्षक नरेश कुमार प्रभारी अपराध जांच शाखा नूंह के नेतृत्व में गठित टीम ने जाबिद उर्फ बिल्ला पुत्र मगरु निवासी गंडवा थाना चौपानकी जिला अलवर (राज0) व भुरु उर्फ तौफिक पुत्र कल्लू उर्फ फजरु निवासी पचगांव जिला नूंह को गिरफ्तार किया गया है । पुलिस अधीक्षक, नूंह, वरुण सिंगला ने बतलाया कि उपरोक्त दोनों आरोपियों को दिनांक 22.07.2022 को गिरफ्तार किया है । जाबिद उर्फ बिल्ला को बीबीपुर गांव के नजदीक से गिरफ्तार किया है तथा भुरु उर्फ तौफिक को सोहना-रेवाडी मार्ग पर स्थित बुराका कॉलोनी तावडू से गिरफ्तार किया है । उपरोक्त दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर दो-दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है ।

इसके अलावा उप-पुलिस अधीक्षक, तावडू की हत्या मामले में आज लंबू उर्फ ईशुफ पुत्र बुद्दा निवासी गंडवा जिला अलवर (राज0) को गुप्त सूचना के आधार पर बाईपास तावडू से गिरफ्तार किया है । इसके अलावा असरु उर्फ



असरुद्दीन पुत्र अब्दुल निवासी पचगांव जिला नूंह को डिढारा बाईपास तावडू से गिरफ्तार किया गया है । दोनों आरोपियों को रविवार को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेने की तैयारी है । विदित हो कि उप-पुलिस अधीक्षक, तावडू हत्याकांड मामले में अब तक इक्कर निवासी पचगांव, शब्बीर उर्फ मित्तर निवासी पचगांव, जाबिद उर्फ बिल्ला निवासी गंडवा (राज0), भूरु उर्फ तौफिक निवासी पचगांव, लंबू उर्फ ईशुफ निवासी गंडवा (राज0) व असरु उर्फ असरुद्दीन निवासी पचगांव को पकडा जा चूका है । मामले की गहनता से जांच की जा रही है, जो भी पकडे गये आरोपियों से पूछताछ के दौरान खुलासा होगा । उसी के आधार पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जायेगी । सुरेन्द्र सिंह उप-पुलिस अधीक्षक तावडू की हत्या के बाद नूंह पुलिस द्वारा चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान पुलिस विभाग को बडी कामयाबी हाथ लगी है । पुलिस ने सर्च अभियान के दौरान जिलेभर के दर्जनों गांव से वाहनों के मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 236 चालान किये है । इसके अलावा माईनिंग एक्ट के तहत 60 वाहन जब्त किये गये है । इसके अतिरिक्त 102 सी0आइ0पी0सी0 के तहत 27 वाहन जब्त किये गये है । इन वाहनों में मोटरसाईकिल, ट्रैक्टर, लग्जरी गाडी, डम्पर, कम्प्रैसर, हाईवा, जे0सी0बी0 इत्यादि शामिल हैं । पुलिस ने सर्च अभियान के दौरान 3 मुकदमें अलग-2 थानों मे विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज करके एक भगोडा आरोपी सहित कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । जिनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई है ।

# दिव्यांग व्यक्ति ने जबरन कागज पर हस्ताक्षर कराने का सिपाही पर लगाया आरोप

**कर्नलगंज गोंडा। स्थानीय कोतवाली कर्नलगंज अन्तर्गत ग्राम चंगेरिया निवासी दिव्यांग व्यक्ति तोयब अली ने मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से आनलाईन शिकायत की है।**

**समाज जागरण**

पीड़ित तोयब अली ने की गयी कहा है कि वह अपने पड़ोसी आदि के उत्पीड़न से तंग आकर अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कस्बा कर्नलगंज के मोहल्ला सकरौरा पूर्वी में अस्थाई तौर पर रह रहा है। उसकी समस्त गृहस्थी घर मे रखी थी, जिसमे प्रार्थी का ताला लगा था। दूसरे तीसरे दिन उसके पिता अपने मकान व खेत आदि की देखभाल करने जाते रहते थे। बीते 11 जुलाई को उसके पिता अपने घर गये तो देखा कि मकान में जो ताला लगा था उसके स्थान पर दूसरा ताला लगा है। आस पड़ोस में पूछताछ करने पर पता चला कि बीते 9 जुलाई को उसके पड़ोसी ने उसके घर का ताला तोड़कर घर की समस्त गृहस्थी निकाल लिये। और अपने थ्री व्हीलर पर रखकर चोरी से कहीं बिक्री कर दिये।उसके पिता ने आरोपियों से घटना के बारे में पूछा जिस पर उसके परिवार के लोग लाठी डंडा लेकर जान से मारने की नियत से उसके पिता को दौड़ा लिये। वह अपनी जान बचाकर किसी तरह वहां से भाग निकले। जिस पर धमकी दिया कि यदि अब गांव चले आये तो जान से मार डालूंगा। उसके पिता ने घटना की आनलाईन शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि ताले पुरवा चौराहे पर वह वेल्डिंग की दुकान कर रहा है। गुरुवार की शाम भँभुआ पुलिस चौकी पर तैनात एक सिपाही उसकी दुकान पर पहुंचा। और उसे अपने बाइक पर बैठाकर पुलिस चौकी ले आया। जहां पहले से आरोपी गण बैठे थे। आरोप है कि सिपाही उसे कमरे में ले गया और एक कागज पर




हस्ताक्षर करने को कहने लगा। उसने पढ़कर हस्ताक्षर बनाने की बात कही,जिस पर पुलिसिया रौब दिखाते हुये उससे कागज पर जबरन हस्ताक्षर करवा लिया। उसमें क्या लिखा है इसकी उसे कोई जानकारी नही है। पीड़ित ने कार्रवाई किये जाने की मांग की है। उक्त प्रकरण में भँभुआ पुलिस चौकी प्रभारी वेदप्रकाश शुक्ला का कहना है कि यदि पीड़ित सुलह करने के लिये राजी नही है तो कार्रवाई की जायेगी।

# *कौशल विकास प्रशिक्षण प्रारंभ*

**समाज जागरण**

गोण्डा। उ0प्र0 कौशल विकास मिशन योजनान्तर्गत जनपद गोण्डा में आबद्ध प्रशिक्षण प्रदाता मे0 टेक्नोहराइजन द्वारा संचालित आवासीय केन्द्र एम0एफ0डी0 पब्लिक स्कूल परिसर में संचालित निजी आई0टी0आई0, साबरपुर, गोण्डा का मुख्य विकास अधिकारी ने उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, जिला विकास अधिकारी/जिला पंचायत राज अधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार गोण्डा के साथ औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र जिस भवन में संचालित है वहां पर निजी आई0टी0आई0 के भी बैच संचालित होते हैं एवं विद्यालय के शिक्षक/शिक्षकायें छात्रावास के परिसर में निवासित पाये गये। इस पर ने घोर नाराजगी व्यक्त की गयी। इसके अतिरिक्त केन्द्र दूसरे आवासीय केन्द्र के 02 बैचों का स्थानान्तरण बिना किसी सूचना के संस्था द्वारा किया गया था एवं केन्द्र उक्त स्थानान्तरित बैचों के 54 महिला प्रशिक्षणार्थियों के सापेक्ष मात्र 27 महिला प्रशिक्षणार्थी उपस्थित पायी गयी 4-5 महिलाये प्रशिक्षणार्थियों की बहने भी उपस्थित थी। केन्द्र प्रभारी श्री आदेश कुमार बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाये गये एवं अन्य कार्मिक से अनुपस्थित प्रशिक्षणार्थियों सम्बन्ध में पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि महिलायें आना नही चाहती हैं। केन्द्र पर प्रशिक्षणार्थियों के खान-पान की समुचित व्यवस्था का सत्यापन रसोई घर में बन रहे भोजन की गुणवत्ता को परखकर देखी गयी। रसोई में लगभग 27 प्रशिक्षणार्थियों के लिए मौके पर 3.00 किलो आटे की गूथा रखा पाया गया। लगभग 4 किलो चावल पकाये जाने की तैयारी चल रही थी एवं 3 किलो आलू व 2 किलो टमाटर तथा अरहर की दाल रात्रि भोज के लिए तैयार किया जा रहा था। रसोई जिस कमरे में स्थापित किया गया था वहां कमरा गंदगीयुक्त एवं बर्तन जिस स्थान पर साफ किया जाना था वह स्थान बहुत ही गंदा एवं जलभराव की स्थिति में पाया गया। केन्द्र के परिसर में रोड कच्ची व जलभराव युक्त पायी गयी जिससे आवागमन भी प्रशिक्षणार्थियों काफी दिक्कते होती होगी। 200 मीटर की दूरी पर स्थित विद्यालय के सिक्योरटी गार्ड से महिला छात्रावास की सुरक्षा करायी जा रही है परन्तु संस्था द्वारा पृथक से सिक्योरटी गार्ड नही रखा गया है।

केन्द्र पर मिशन के आवासीय मानको के सापेक्ष व्यवस्थाओं में विभिन्न प्रकार की कमियां देखने को मिली हैं। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने संस्था को कालीसूची में डालने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी करने के सम्बन्ध में कार्यवाही प्रचलित किये जाने हेतु जिला समन्वयक, कौशल विकास मिशन/उपायुक्त श्रम एवं रोजगार को संस्तुति पत्र मिशन मुख्यालय को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# पट्टे की भूमि पर दोबारा कब्जा करने वालों के विरूद्ध धारा 151 के तहत जेल भेजें-जिलाधिकारी

**आपसी विवाद के प्रकरणों का निस्तारण लेखपाल एवं बीट सिपाही गांव जाकर करायें-अविनाश कुमार**

**गांव के दंबग, असामाजिक, आराजक एवं अपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों पर विशेष नजर रखें-एसपी**

दैनिक समाज जागरण/ अखिलेश सिंह ब्यूरो हरदोईहरदोई।शासन के निर्देश पर प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है इसी के तहत जुलाई माह के चतुर्थ शनिवार को आज जिले के सभी स्थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया ।थाना हरपापुर में थाना समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समाधान दिवस में विगत तहसील दिवस एवं थाना दिवस की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतों के निस्तारण में कानूनगो एवं लेखपालों द्वारा की जा रही लापवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कानूनगो व लेखपालों को फटकार लगाते हुए निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्र की चकरोड, खेल मैदान, तालाब आदि सरकारी भूमि एवं गरीब ग्रामीणों की पट्टे की भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों को चिन्हित करें और उनके विरूद्व एंटी भूमाफिया एक्ट के अन्तर्गत सख्त कार्यवाही करते हुए जेल भेजें।लेखपालों द्वारा ग्रामीणों की



कब्जा मुक्त करायी गयी पट्टे की भूमि पर पुनः दंबगों द्वारा कब्जा करने की शिकायत पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष हरपालपुर को निर्देश दिये कि ग्रामीणों की कब्जा मुक्त करायी गयी पट्टे की भूमि पर दोबारा कब्जा करने वालों के विरूद्व धारा 151 के तहत एफआईआर दर्ज करते हुए जेल भेजें। थाना समाधान दिवस में प्राप्त 55 शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि आज प्राप्त अवैध भूमि कब्जा एवं अन्य आपसी विवाद के प्रकरणों का निस्तारण लेखपाल एवं बीट सिपाही संयुक्त रूप से गांव जाकर करायें।थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने थानाध्यक्ष को निर्देश दिये कि ग्रामीणों की कब्जा मुक्त करायी गयी भूमि के संबंध में नियमित जानकारी लें तथा गांव के दंबग, असामाजिक, आराजक एवं अपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों पर विशेष नजर रखें और ग्रामीण क्षेत्र में गरीब, असहाय आदि लोगों को परेशान करने तथा उनकी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्व सख्त कार्यवाही करें और क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनायें रखें।

# मेवात के गांव सलंबा मैं आसमानी बिजली गिरने से 12वीं कक्षा की मौत

**परिवार का रो रो कर बुरा हाल नूंह शहर के स्कूल में पढ़ने में होशियार थी बेटी**

**समाज जागरण नूंह जुबैर खान**

नूंह सदर थाना के गांव सलंबा में शनिवार सुबह आसमानी बिजली का कहर देखने को मिला और खेतों में चारा लने गई एक 12वीं की छात्रा की बिजली गिरने से मौत हो गई। घटना की खबर के बाद गांव सहित आसपास मातम पसर गया। सैंकडों की तादाद में गमगीन माहौल में छात्रा का सुपुर्द ए खाक किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नूंह जिले के सलंबा गांव में उस समय बड़ा हादसा हो गया जब 12वीं कक्षा की छात्रा गुलफ्शा पुत्री शेर मोहम्मद पर बरसात के समय आसमानी बिजली गिर गई जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई,गुलफ्शा अपने पशुओं के चारे के लिए पहली बार स्कूल की बजाये परिजनों के साथ गई, पिता शेर मोहम्मद ने बहुत मना किया लेकिन गुलफ्शा ने कहा कि आज मैं पशुओं के चारा मां के साथ लेकर आऊंगी । खेतों पर जैसे ही गुलफ्शा अपनी मां के साथ पहुंचती है तो बरसात शुरू हो जाती है बरसात के साथ आसमानी बिजली कडकना शुरू हो गई है जिसकी चपेट में गुलफ्शा आ जाती है और उसकी मौत हो जाती



है। परिवार के लोगों का कहना है कि उनकी चार बेटियां हैं और पांच बेटे हैं लेकिन गुलफ्शा बेटी सभी बेटियों में सबसे पढ़ाई में अच्छी थी पिता शेर मोहम्मद जब उसको पढ़ाने की मना करता था तो वह अपने पिता से नाराज हो जाती थी और आगे पढड्डे की जिद करती थी जिसकी जिद के आगे पिता ने नूंह शहर के राजकीय सी0 सै0 कन्या विद्यालय में पढड्डे के लिए बालिका वाहिनी बस के जरिये भेजते थे लेकिन आज उन बातों को याद कर पूरा परिवार गम में डूबा हुआ है बेटी के गम में मां का रो-रो कर बुरा हाल है पूरा परिवार बेटी के दूर जाने के गम में है परिवार के लोगों का कहना है कि जैसे ही स्कूल के स्टाफ को बेटी के चले जाने की बात पता चली तो पूरा स्टाफ घर पर अंतिम दर्शन के लिए पहुंचा।

# ग्रामीण आंचल में तेजी से बढ़ रहा है शिक्षा का स्तर : मजीद खान

**क्रासर : सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र वाजिम ने किया कला संकाय में जिला टाप।**

**समाज जागरण नूंह जुबैर खान**

फिरोजपुर झिरका : खंड के ग्रामीण क्षेत्र स्थित सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल अगोन के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई की 12वीं के परीक्षा परिणामों में एक बार फिर से नूंह जिले कामान बढ़ाया है। विद्यालय के छात्र वाजिम ने कला संकाय में जिला टाप कर सभी का ध्यान अपनी ओर आकृषित करने का काम किया है। वाजिम ने कला वर्ग में 93.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। छात्र की उपलब्धि पर जहां क्षेत्र में हर्ष का माहौल वहीं विद्यालय के डायरेक्टर मजीद खान ने छात्र व उसके अध्यापकों को बधाई दी है। विद्यालय के डायरेक्टर मजीद खान ने बताया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 12वीं के परीक्षा परिणामों में विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। विद्यालय के छात्र वाजिम ने जहां कला वर्ग में समुचित जिले में प्रथम स्थान पाया है वहीं विद्यालय के अन्य बच्चों ने भी परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के आकिल पुत्र सलीम ने कला संकाय में 90.20 प्रतिशत, नाजिम पुत्र हाजर ने 89.80 प्रतिशत और साइंस स्ट्रीम में विद्यालय की कौशर ने 91.20 अंक लेकर केंद्रीय बोर्ड की परीक्षाओं में इलाके का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण आंचल में शिक्षा का स्तर तेजी से सुधार की ओर बढ़ रहा है। हमारा प्रयास है कि उपरोक्त क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित कर उन्हें शिक्षा का महत्व बताना है। उन्होंने कहा शिक्षा के बिना इस जग में इंसान अधूरा है। वहीं जिला टापर छात्र वाजिम ने अपनी आपार सफलता का श्रेय विद्यालय के डायरेक्टर व समस्त अध्यापकों तथा अपने माता-पिता को दिया है।



# *सरकारी धन की लूट के मामले में पूर्व प्रधान को पुलिस गिरफ्तार कर भेजा जेल*

**समाज जागरण मुजेहना, गोंडा**

जनता का सेवक बन कर करोड़ों की लूट करने वाले पूर्व ग्राम प्रधान को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

आपको बता दें की मुजेहना ब्लॉक के ग्राम पंचायत बेसहूपुर के पूर्व ग्राम प्रधान सुरजीत चौबे पर बिना काम कराये सरकारी धन की लूट के मामले ग्रामीणों द्वारा की गयी शिकायतों की बाद जांच के बाद जिलाधिकारी के आदेश पर थाना मोतीगंज में अलग अलग दिनांकों में तीन बार एफ.आई आर दर्ज की जा चुकी है। पैसों के दम पर पूर्व प्रधान ने अपने बचाव में हाईकोर्ट की शरण ली थी जहां उसकी जमानत याचिक खारिज किये जाने के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा गिरफ्तारी का आदेश जारी किया गया था।



उसके बाद से पुलिस पूर्व प्रधान की सरगर्मी से तलाश कर रही थी शनिवार की सुबह दस बजे मोतीगंज पुलिस ने छापेमारी की, उपनिरीक्षक राकेश, कांस्टेबल निखिल राठौर व कांस्टेबल राहुल कुमार ने पूर्व ग्राम प्रधान सुरजीत चौबे को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया है।

# *जनपद स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता युवा उत्सव के आयोजन पर बैठक संपन्न*

गोण्डा। मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम/ युवा उत्सव के आयोजन हेतु समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0 दल अधिकारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी, एवं जिला युवा अधिकारी , (नेहरु युवा केन्द्र) उपस्थित रहे। शासन के निर्देश के क्रम में उन्होंने कार्यक्रम का आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित करते हुये भव्य आयोजन करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम का आयोजन भव्य, सुन्दर व उत्साहवर्धक हो। जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने



बताया कि प्रतियोगिता में लोकगीत, लोकनृत्य, एकांकी, तबला वादन, वीणा वादन, भारतनाट्यम, कत्थक आदि सहित 18 विधाओं में सम्पन्न होगी। विजेता प्रतिभागी मण्डल स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभाग करेंगें।

बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला युवा अधिकारी व समस्त विद्यालयों के प्राचार्य सहित संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# *एडीएम ने संभावित बाढ़ के दृष्टिगत ऐली परसौली तटबंध का किया निरीक्षण*

# *घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ते ही जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर*

गोण्डा। घाघरा नदी का जल स्तर बढ़ने के क्रम में जिला प्रशासन तटबंधों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क हो गया है। डीएम के निर्देश पर एडीएम सुरेश कुमार सोनी और जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव ने तहसील तरबगंज अन्तर्गत एली परसौली तटबंध का निरीक्षण किया। एडीएम ने बताया कि घाघरा नदी के किनारे पड़ने वाले सभी संवेदनशील स्थलों पर निगरानी बढ़ा दी गई है तथा बाढ निगरानी समितियों को सक्रिय कर दिया गया। संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राजस्व विभाग की टीमें निगरानी कार्य में लगाई गई वहीं बाढ़ खण्ड के अधिकारी भी तटबंधों की सुरक्षा पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि घाघरा नदी खतरे के निशान से नीचे बह रही है, बाढ़ जैसी कोई स्थिति नहीं परन्तु एहतियातन सक्रिय कर दिया गया है। बाढ़ से बचाव व राहत के लिए जनपद स्तरीय कन्टोल रूम संचालित कर दिया गया है। इसके साथ राहत शिविर, मवेशियों के लिए भूसा, बाढ़ आने की स्थिति में प्रभावितों को पका हुआ भोजन का पैकेट मुहैया



कराने के साथ ही कच्चा राशन दिए जाने हेतु टेण्डर का कार्य पूरा करा लिया गया है। पशु पालन विभाग की टीमो द्वारा संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मवेशियों का टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के दृष्टिगत मेडिकल टीम की भी ड्यूटी लगा दी गई है तथा सभी सीएचसी पर सर्पदंश व एन्टी रैबीज इंजेक्शन के साथ ही अन्य आवश्यक दवाओ की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है।

उन्होंने बताया है कि बाढ़ चौकियों पर जिम्मेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि वे तटबंधों की निगरानी में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरतेंगें तथा अद्यतन सूचनाओ से जिला प्रशासन को अवगत कराएगें।

## खजौली थाना पर गिरफ्तार मारपीट के आरोपित को जेल भेजती थाना पुलिस

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता –अमोद कुमार श्रीवास्तव**

खजौलीः थाना क्षेत्र के ईनरवा पंचायत के पूर्व सरपंच व वर्तमान सरपंच के ससुर महेश्वर यादव उर्फ मुलची यादव के साथ मारपीट करने वाले खजौली गांव निवासी इंद्रजीत चौधरी उर्फ महाकाल को थानाध्यक्ष अजित प्रसाद सिंह व एएसआई मदन उरांव ने गिरप्तार कर



न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया. थानाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि 21 जुलाई को सुवह में ईनरवा पुरव रास बिहारी चौक स्थित दवा लेने जाने क्रम में खजौली के ग्रामीण इंद्र चौधरी उर्फ महाकाल सहित अन्य अपराधी द्वारा घात लगाकर एकाएक घातक हथियार से वार करके गंम्भीर रूप से घायल कर दिया .वही थनाध्यक्ष अजित प्रसाद सिंह ने कहा कि मारपीट के नामदर्ज अभियुक्त इन्द्रदेब चौधरी उर्फ महाकाल को गिरप्तार जेल भेज दिया गया.साथ ही उन्होंने कहा कि शेष नामदर्ज प्राथमिकी अभियुक्त को छापामारी अभियान चलाकर शीघ्र गिरप्तार कर लिया जाएगा.

### जमीनी मामले को लेकर थाना में लगाया गया जनता दरबार।

**दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार,बिहटा**

बिहटा में शनिवार बिहटा थाना परिसर में जमीनी मामले को लेकर अंचलाधिकारी कन्हैया लाल एवं बिहटा थाना के एसआई ज्योति पुंज के अध्यक्षता में लगाया गया जनता दरबार, जहां 6 जमीनी मामले में से 5 मामलों का निपटारा किया गया जबकि एक मामले को अगले शनिवार को किया जायेगा वही अंचलाधिकारी कन्हैया



लाल ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह के शनिवार को थाना परिसर में जमीनी मामले को लेकर जनता दरबार लगाया जाता है जिसमे जमीन से जुड़े मामला में दोनों पक्ष की सुनवाई की जाती है और फैसल दिया जाता है,आज 6 मामलों जनता दरबार में आया जिसने 5 मामलों का निपटारा किया गया और अन्य 1 मामले को अगले शनिवार को निपटारा किया जायेगा।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**दैनिक समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के कोचगांव नहर से पशिचम ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जानकारी के अनुसार झौर ग्रामीण सुरेश चौधरी का 22 वर्षीय पुत्र रामाधीन चौधरी कोचगांव के किसी व्यक्ति का ट्रैक्टर चलाता था। शनिवार को शाम कोचगांव नहर से पश्चिम बधार में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई।



फलतः चालक दबकर घटना स्थल पर ही मर गया। बताया गया कि दो वर्ष पूर्व ही युवक की शादी हुई थी। सूचना बाद युवक के स्वजनों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई। जबकि संवाद प्रेषण तक ट्रैक्टर घटना स्थल पर ही पलटी पड़ी थी। मृतक के स्वजनों द्वारा वारिसलीगंज थाना में लिखित आवेदन देने की प्रक्रिया की जा रही है।

### भागलपुर के मेयर और जिला परिषद के घर हुई भीषण चोरी

### चोरों ने लगातार छह ताले तोड़ कर दिया वारदात को अंजाम

**दैनिक समाज जागरण भागलपुर/निभाष मोदी**

भागलपुर ईशाकचक थाना क्षेत्र के भीखनपुर मोहल्ले में जिला परिषद अध्यक्ष अनंत कुमार साह उर्फ टुनटुन साह और उनकी पत्नी पूर्व में मेयर सीमा साह के घर पर देर रात चोरों ने धावा बोलकर चार लाख से अधिक की संपत्ति चोरी कर फरार हो गए। जिला परिषद अध्यक्ष और उनकी पत्नी पूर्व मेयर घर में ताला बंद कर अपने दूसरे घर शाहकुंड गए हुए थे। आज सुबह उन्हें पड़ोसियों से मालूम हुआ कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। जिसके बाद वह लोग यहां पहुंच कर देखे तो घर में रखा गहना और जमीन और पेट्रोल पंप का कागज सहित कई सामान चोर लेकर फरार हो गए। चोरों ने घर का छः ताला तोड़ा है।

### भोजपुर जिले के बीआरसी भवन आरा में पांच दिवसीय"चहक प्रशिक्षण " कार्यक्रम का समापन हो गया

**दैनिक समाज जागरण (आरा अख्तर शफी निक्की )**

इस अवसर पर श्रीमती विनिता कुमारी समन्वयक बीआरसी आरा, धर्मेंद्र सिंह बीआरपी, अरूण कुमार सिंह मास्टर ट्रेनर , प्रशिक्षक अलख निरंजन,



शशांक भूषण , उमाशंकर ओझा एवम् प्रतिभागी के रूप मे ,केदार नाथसिंह , रेहाना नाज , दिव्यारानी, संगीताकुमारी, जितेन्द्र कुमारसिंह, उमाशंकर, राज लक्ष्मी, रोकशाना खातून, ओमप्रकाश पाठक, नवलेश त्रिपाठी, नेहा कुमारी, पुष्पा कुमारी, मोनी कुमारी, अशोक,बसंतजी, शाहनवाज , मंजू, अंकिता, उषा, रमावती, सुजीत, अनीश कुमार , बिंदेश्वर ठाकुर, हाजरा परवीन, दीपा, शशि कपूर हरिशंकर जी, लेखापाल प्रमोद कुमार , प्रिया, राजेश कुमार, शालिनी सहित सभी प्रतिभागियो ने इस प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक ग्रहण किया ' सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि इस चहक प्रशिक्षण को अपने विद्यालयों में शत प्रतिशत सफल करेंगे

## भागलपुर जिले में करीब आधा दर्जन पुलिस कर्मी सड़क हादसे में बाल बाल बचे।

**भागलपुर :---समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।**

भागलपुर जिले के बबरगंज थाना की पुलिस की गश्ती टीम के ट्रक ने अलीगंज चौक के समीप जबरदस्त टक्कर मार दिया है। जिससे बबरगंज थाना की पुलिस जीप क्षतिग्रस्त हो गया है और एक एसआई समेत चार पुलिस कर्मी घायल हुए है जिसमे की दो महिला पुलिसकर्मी भी शामिल है।वही घटना के बाबत बताया जा रहा है की बबरगंज थानाध्यक्ष अहले सुबह गश्ती अलीगंज चौक के समीप एक व्यक्ति सड़क किनारे सोया हुआ था जिसको थानाध्यक्ष सिकन्दर कुमार ने पुलिस जीप से उतरकर सोये हुए व्यक्ति से पूछताछ के लिए गए और इसी बीच तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने पुलिस जिप में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे पुलिस जीप क्षतिग्रस्त हो गया और एक एसआई राम कुमार ,होमगार्ड जवान सुनील कुमार मिश्रा,महिला पुलिस कर्मी में अंजू कुमारी और दिव्या कुमारी घायल है सभी घायल पुलिस कर्मी का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया।जिसमें होमगार्ड जवान सुनिल कुमार मिश्रा मो ज्यादा जख्मी है और बांकी तीन पुलिस कर्मी चोटिल हुए है । पुलिस में बताया कि हादसा में पुलिस जीप क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रक को जब्त कर लिया गया है और अग्रिम करवाई की जा रही है।

## खजौली के भकुआ पंचायत सरकार भवन के सभागार में आजादी के अमृत महोत्सव पर उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक शाखा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता – अमोद कुमार श्रीवास्तव**

खजौली द्वारा वित्तिय साक्षरता जसगरुक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

,इस कार्यक्रम को नावार्ड के वित्तीय समावेशन कोष एफआईएफ के तहत प्रायोजित किया गया.

,इस जागरूकता अभियान में 75 आम जनताओं ने शिविर में बचत खाता,अटल पेंशन योजना,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना सहित अन्य प्रकार के खाता खोला गया.

खजौलीः प्रखंड़ क्षेत्र के भकुआ पंचायत सरकार भवन के सभागार में उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक शाखा खजौली के शाखा प्रबंधक रौशन कुमार झा के नेतृत्व में आजादी के 75, वें अमृत महोत्सव के अवसर वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस जागरूकता शिविर में जिला से आये नावार्ड के डीडीएम सुमित कुमार ने महिला, पुरुष आम जनों को बैंक से जुड़ने को लेकर आवाहन किया गया.उन्होंने कहा कि बैंक खासकर महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने को लेकर वित्तीय सहायता दी जा रही है.उन्होंने उपस्थित आम जनों से कहा कि उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक द्वारा कई प्रकार की योजनाएं लाकर लोगो को लाभ पहुँचाने की काम कर रही है.वही उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक शाखा खजौली के शाखा प्रबंधक रौशन कुमार झा ने उपस्थित सभी आम जनों को बैंक से जुड़कर अपना




बचत खाता खोलने का जागरूक किया.उन्होंने ने बैंक से जुड़कर सरकारी योजनाओं की लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया.उन्होंने कहा कि ग्रामीण बैंक जीविका दीदियों को एक रुपये सैकड़ा व्याज पर ऋण मुहैया कराती है.जीविका दीदी उस रुपये को खेतीबाड़ी एव अन्य कोई उद्यमी में रुपया लगाकर ज्यादा पैसा कमा सकती है. शाखा प्रबंधक ने कहा कि जीविका समूह की महिलाएं द्वारा समूह के नाम पर ट्रैक्टर,रोटा वेटर ऋण ले सकते है.वही शाखा प्रबंधक ने उपस्थित आम जनता एव जीविका दीदीओं से कहा कि सभी दीदी एव अपने पति को बैक से इन्श्योरेंस करवाने की दिशा निर्देश दिया गया.उन्होंने आम जनताओं को कहा कि जो व्यक्ति उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक से ऋण लिए है वे व्यक्ति को 25 से 40 प्रतिशत व्याज माफ कर अपना ऋण को चुकता कर सकते है.वही जीविका के प्रखंड़ कोड़ीनेटर रोहित कुमार सेन ने कहा कि ग्रामीण बैंक एव जीविका एक परिवार जैसे है.उन्होंने जीविका दीदियों से कहा कि बैंक द्वारा समय पर ऋण देती है ड्डर कम व्याज पर रुपया वापस लेता है.उन्होंने दीदियों को निर्देश दिया कि उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक से ही लेन देन करने का सुझाव दिया गया.इस मौके सीएसपी केंद्र भकुआ के मनोज कुमार,महाराजपुर के गणेश कुमार,चंद्रडीह के नवीन कुमार,हरीशवारा के चंदेश्वर, चतरा गोबरौरा के चंद्रशेषर चौधरी,कंहौली के राघवेंद्र कुमार,जीविका के सीएलफ रंजीत कुमार चौधरी,मो.कलाम,शशिकांत कुमार,जीविका मित्र रविन्द्र कुमार,सीकेन्द्र कैवार,एमबीके आशा कुमारी,राधा देवी, विभा देवी,शिव राम साह, आशा गुप्ता, नीलम देवी, सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद सिंह,सरपंच के पंच राम दुलार साह सहित दर्जनों आम जनता मौजूद थे.

## बिहार कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड का हुआ वार्षिक आमसभा।

### समारोह का उद्घाटन भागलपुर सांसद अजय कुमार मंडल ने किया

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

भागलपुर। द बिहार कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड का वार्षिक आमसभा विश्वविद्यालय के बहुद्देशीय प्रशाल में आयोजित की गई। समारोह का उद्घाटन भागलपुर के सांसद अजय कुमार मंडल, हरगांव विधायक पवन यादव गांधी विचार विभाग के पीछे कुमार संस्थान के अध्यक्ष नितेश कुमार एवं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जितेंद्र मिश्रा के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। सोसाइटी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि आम सभा कार्यक्रम कराने का मुख्य उद्देश्य है अपने व्यवसाय को लोगों तक बताना और इस संस्थान से कितने फायदे हैं उसे जन-जन तक पहुंचाना। समारोह



में भागलपुर स्थानीय विकास प्राधिकार के विधान पार्षद विजय सिंह और कहलगांव के विधायक पवन कुमार यादव विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित थे ।अखिल भारतीय कोयला मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लखन लाल पाठक सम्मानित अतिथि के रूप में मंच पर विराजमान थे ।सोसायटी के अध्यक्ष रितेश कुमार ने आमसभा में आए लोगों को संबोधित करते हुए एकजुटता बनाए रखने की बात कही साथ ही साथ व्यवसाय को निरंतर आगे बढ़ाने पर प्रकाश डाला ।द बिहार कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जितेंद्र मिश्रा ने भी लोगों को संबोधित किया। संस्थान के अध्यक्ष नितेश कुमार ने बताया यह कार्यक्रम दो सत्रों में किया गया है पहला सत्र उद्घाटन सत्र था और दूसरे सत्र में संस्थान से जुड़े लोगों को सम्मानित करने का।

## सीबीएसई के द्वारा घोषित दसवीं बोर्ड 2022 के परिणाम

**दैनिक समाज जागरण आरा, अख्तर शफी निक्की**

आरा के कर्मन टोला स्थित एसएन मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल के सभी छात्र छात्राओं ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है` इस वर्ष इस विद्यालय के कुल 258 परीक्षार्थी ने दसवीं के बोर्ड की परीक्षा में शामिल हुए ।स्कूल के इन सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों में अमन तथा मुस्कान रंजन ने 96% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया वही 95% अंक प्राप्त कर शुभम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि प्रिंस ,सिद्धार्थ तथा आदित्य 94%अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे संदीप सिंह 93% प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर रहे और स्वाति स्वराज 88%प्रतिशत के साथ पांचवे और छठे स्थान पर प्रेम तिवारी 85%प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण रहे। यह विदित हो कि एसएन मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल में 95% के ऊपर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 17 है जबकि 80% से 90% के बीच अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 45 है कि । निर्देशिका श्रीमती स्मिता सिंह ने सभी विद्यार्थियों को अपनी ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है माननीय प्रबंध निर्देशक जनमजय सिंह ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का भी इसमें




योगदान बताया है उन्हें भी तहे दिल से धन्यवाद दिया है जिन्होंने दिन रात एक कर के इन बच्चों की तैयारी करवाई और इन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है। कोविड-19 पर भी सभी विद्यार्थी तथा विद्यार्थियों के परिवार जन एवं विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को यह पूर्ण विश्वास था कि ऑनलाइन क्लास हो या ऑफलाइन हो किसी भी परिस्थिति में स्कूल के बच्चे हर स्थिति में अपनी सफलता का परचम आसमान में हमेशा की तरह लहराएंगे विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद नईम ने विद्यार्थियों के इस सफलता पर हर्ष जाहिर करते हुए सभी बच्चों के साथ-साथ संपूर्ण विद्यालय परिवार एवं बच्चों के परिवार को भीबधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं उन्होंने और अभिभावकों के जुनून की तारीफ की है जिन्होंने दसवीं कक्षा के बच्चों को कोविद के इस परिस्थिति में पढ़ाया तथा बच्चों को सफलता की सीढ़ी पर पहुंचाने में अपना भरपूर योगदान दिया है उसमें विपुल चंद्र पाठक ,संतोष कुमार सिंह ,संतोष कुमार , विशाल ,सोनी सिंह तथा मनीषा कुमारी इत्यादि प्रमुख हैं बच्चे भी अपने इस सफलता के साथ काफी खुश नजर आए और स्कूल और अपने शिक्षकों को धन्यवाद दिया कि उनके बदौलत आज वह इस मुकाम पर पहुंच गए हैं और उन्होंने विश्वास दिलाया कि आगे भी वह इसी तरह मेहनत करेंगे और अपने अभिभावक शिक्षक और स्कूल का नाम और भी ऊंचा करेंगे और वह हर परिस्थिति में लड़ाई लड़ते रहेंगे कोविड-19 और किसी परिस्थिति में डरेंगे नहीं।

## भाकपा माले केंद्रीय पोलितब्यूरो सदस्य धीरेन्द्र झा ने धरना स्थल पर पहुंच दुल्लीपट्टी के किसानों का किया समर्थन।

**दैनिक समाज जागरण जयनगर नित्यानंद झा**

एस एस बी मुख्यालय के लिए प्रशासन द्वारा दुल्ली पट्टी के किसानों की धनहर बहुफसली उपजाऊ जमीन जबरन अधिग्रहण करने के विरोध में किसानों का धरना शनिवार को 84 वें दिन भी जारी रहा।

मदन कुमार झा की अध्यक्षता मे धरना किसाने मजदूर, समाजिक कार्यकर्ता और भूस्वामी समिति कार्यालय , दुल्लीपट्टी पर 11 बजे से 4 बजे तक दिया गया। जिसमें भू स्वामी देव रमण झा और ` राम गुलाम पंडित धरनार्थी हुए। सकल देव चौधरी सहयोगी धरनार्थी बनकर समर्थन प्रदान किया।

भाकपा माले पोलित ब्यूरो सदस्य सहित दर्जनों भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने धरना स्थल पर पहुंच किसानों का समर्थन किया। धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए धीरेंद्र झा केंद्रीय पोलित ब्यूरो सदस्य ने कहा कि धनी आबादी के बीच अर्धसैनिक बल का कैम्पे स्थापित करना और किसानों की बिनो सहमति के भूमि जब्त करना किसी भी दृष्टिकोण से ठीक नहीं है। 84 दिनों चल रहे किसान आंदोलन को पार्टी समर्थन करती है और किसानों के प्रति




प्रशासन के उदासीनता का निन्दा करते हुए उनके मांगों को अपने विधायक दल के माध्यम से मुख्यमंत्री बिहार से मुलाकात करने की बात कही है। उन्होंने अपने दल द्वारा किसानों का समर्थन करने की बात कही।

मौके पर ध्रुव नारायण कर्ण जिला सचिव मधुबनी, भूषण सिंह प्रखंड सचिव, श्याम पण्डित योगनाथ मंडल, विजय दास, अनिल सिंह, लक्षण राय, विशनभ कामत, योगेंद्र यादव जिला कमीटी सदस्य मधुबनी, बेचन राम जिला सचिव अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा, मुस्तफा, साबिर, तस्लीम प्रखंड कमिटी सदस्य जयनगर, समाजसेवी वीरेंद्र यादव, मनीष झा, चन्द्रमोहन सिंह, मदन झा, देव रमण झो राम गुलाम पंडित समेत अन्य लोग

## सोन नदी में बालू का अरार धसने से एक मजदूर का हूआ मौत,जांच मे आये वरीय पदाधिकारी।

**दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/बिहटा**

पटना के बिहटा में बालू घाट पर बड़ा हादसा हुआ है., पटना-भोजपुर सीमा पर बिहटा थाना क्षेत्र के सुरौंधा के पास सोन नदी में अवैध बालू खनन के दौरान बालू अरार धंसने से 6 मजदूर दब गए हैं. जिसमें मनेर निवासी एक मजदूर की मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार बिहटा, मनेर छपरा के कुछ मजदूर नाव पर बालू लादने के लिए गए थे. इसी दौरान सुरौंधा के पास बालू लदाई के दौरान ही अरार धंस गया.जानकारी के मुताबिक इस हादसे में आधा दर्जन लोग दब गए. जिसमें मनेर के धजवा टोला निवासी स्व. राय का पुत्र रामकुमार की मौत हो गई. जबकि अन्य जख्मी का इलाज निजी



चिकित्सक के पास भर्ती कराया गया है.वही जांच मे जिस बालूघाट पे हादसा हुआ था आज मौके पे दानापुर एसपी अभिनव धीमन, दानापुर एसडीएम बिक्रम वीरकर , बिहटा अंचलाधिकारी कन्हैया लाल,बिहटा थाना प्रभारी रंजीत कुमार, मनेर थाना प्रभारी राजीव रंजन कुमार, बिहटा एसआई अवधेश कुमार,और पुरे दल बल के साथ वहां पुलिस प्रशासन पहुंची, वही ए एसपी अभिनव धीमन ने बोला की 6मजदूर बालू मे दब गए थे जिसमे एक की मौके पे ही डबकर मौत हो गयी और 5 को जख़्मी अस्पताल मे भर्ती है, वही उन्होंने कहा की पुलिस जांच मे जुटी है जो आगे सुचना मिलेगी उसे फिर बतलाया जायेगा!!

## लोजपा रामविलास के मुख्य प्रवक्ता बने राजेश भट्ट।

**दैनिक समाज जागरण ( आरा,,अख्तर शफी निक्की)**

राजेश भट्ठ को भोजपुर लोजपा रामविलास ने दी बधाईया । भोजपुर जिला अंतर्गत चरपोखरी प्रखंड के बाल बांध निवासी श्री राजेश भट्ट को लोजपा रामविलास के मुख्य प्रवक्ता बनाए जाने पर भोजपुर लोजपा रामविलास के जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान, उपाध्यक्ष लल्लन यादव, जिला संगठन प्रभारी कुंवर उपेंद्र कुमार सिंह , संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष शशिकांत त्रिपाठी, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार पासवान ,महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष लालती देवी ,जिला महासचिव प्रमोद कुमार पासवान, जिला महासचिव विनोद कुमार, लोजपा के वरीय नेता सियाराम पासवान,वरीय नेता सुरेंद्र आजाद, महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव कुसुम देवी , लोजपा नेता संतोष पासवान ,महिला प्रकोष्ठ की जिला महासचिव मनोरमा देवी, बिहिया नगर अध्यक्ष लालबाबू चौधरी, जिला महासचिव रविंदर प्रसाद जिला सचिव विशाल चौधरी ,शाहपुर विधानसभा प्रभारी मुन्ना कुमार, जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश कुमार एवं विकास चौधरी,बिहिया महिला प्रकोष्ठ की प्रखंड अध्यक्ष लीला शर्मा, आरा प्रखंड अध्यक्ष महाराजा



पासवान, आरा नगर अध्यक्ष सोनू पासवान, आरा नगर उपाध्यक्ष अजय पासवान, लोजपा के वरीय नेता पिंटू तिवारी छात्र नेता अमृत कुमार, जिला के प्रवक्ता राहुल पांडे, कोइलवर प्रखंड अध्यक्ष कालीचरण प्रसाद,लोजपा नेता सुनील कुमार,भीम कुमार, मयूर पांडे, आरा विधान सभा प्रभारी शैलेश तिवारी, उदवंतनगर प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह लोजपा नेता कुंदन कुमार रंजीत कुमार, चरपोखरी प्रखंड अध्यक्ष रंजीत पासवान सहार प्रखंड अध्यक्ष अमर कुमार सहार प्रखंड प्रमुख अनिल राय, तरारी प्रखंड अध्यक्ष परमानंद पासवान लोजपा युवा नेता राज कपूर पिरो नगर अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता ,पिरो प्रखंड अध्यक्ष रवि शंकर पासवान आदि सैकड़ों नेताओं ने राजेश कुमार भट्ट को पार्टी का मुख्य प्रवक्ता बनने पर लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री चिराग पासवान जी को प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी जी को, प्रदेश महासचिव संजय पासवान जी ,को संसदीय बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष हुलास पांडे जी को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया गया , जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने कहा कि आदरणीय भट्ट जी को इस पद पर आने से भोजपुर का भी मान सम्मान बढ़ा है । वे हमेशा लोजपा रामविलास के प्रति वभादारी से कार्य करते है तथा हमेशा अपने कार्यों का निर्वहन करते है।

## अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष मिन्नत रहमानी एवं प्रदेश सचिव इशरत शेख ने युवा कांग्रेस अध्यक्ष सबरार आलम को अंग वस्त्र से किया सम्मानित।

**नवगछिया समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

सबरार आलम ने कहा सम्मान देने के लिए मिन्नत रहमानी एवं शिवली मंजूर का दिल से शुक्रिया

पटना सदाकत आश्रम में आज दोपहर के 3:00 बजे प्रदेश कार्यकारिणी सह जिला अध्यक्ष की विस्तार बैठक किया गया ' बिहार प्रदेश अल्पसंख्यक अध्यक्ष, मिन्नत रहमानी, जी के अध्यक्षता में एक कार्यक्रम आयोजन किया गया ' बिहार के सभी जिला से जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित हुए ' अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष अल्पसंख्यक एवं महाराष्ट्र के, राज्यसभा सांसद, इमरान प्रतापगढ़ी साहब, जी का बिहार दौरे के कार्यक्रम, को लेकर विस्तार से चर्चा की गई ' बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी अल्पसंख्यक के शिवली मंजूर ने कहा हम सभी को अकलियत एवं समाज से जुड़े हुए मुद्दे की आवाज को बुलंद करना है ' भागलपुर जिला संयोजक मोहम्मद अरशद अली ने कहा इमरान प्रतापगढ़ी के आगमन पर बिहार के अल्पसंख्यक समुदाय के लोग को मजबूती मिलेगी ' बिहार प्रदेश अल्पसंख्यक के प्रदेश अध्यक्ष मिन्नत रहमानी जी ने कहा हम सभी को एक और नेक होकर कांग्रेस पार्टी सोनिया गांधी और राहुल गांधी जी के हाथों को मजबूत करना है' कार्यक्रम में उपस्थित ' प्रदेश महासचिव ,फरान अख्तर, प्रदेश सचिव, इशरत शेख, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद सबरार आलम, सचिव



मोहम्मद फिरोज आलम ,नुसरत खातून ,अन्य लोग उपस्थित थे ' कार्यक्रम के बाद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कई लोगों को सम्मानित भी की गई ' बिहार प्रदेश अल्पसंख्यक के प्रदेश अध्यक्ष मिन्नत रहमानी एवं प्रदेश सचिव इशरत शेख ने युवा कांग्रेस विधानसभा के अध्यक्ष, मोहम्मद सबरार आलम एवं मोहम्मद फिरोज को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया ' जानकारी के मुताबिक भागलपुर जिला से जिला संयोजक मोहम्मद अरशद अली के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया

## नर सेवा नारायण सेवा के बैनर तले चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन, लोगों ने पुष्प अर्पित कर चंद्रशेखर आजाद को किया याद।

### चंद्रशेखर आजाद के जन्म जयंती पर गरीब बच्चों के बीच बांटे गए पाठ्य पुस्तक सामग्री व मिठाईयां

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

भागलपुर ।नर सेवा नारायण सेवा के बैनर तले महान क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद का जन्म दिवस मनाया गया ।कार्यक्रम में शहर के कई शिक्षाविद, समाजसेवी एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने आदमपुर चौक के स्थित चंद्रशेखर आजाद की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित किए। क्रांतिकारी वीर सिपाही चंद्रशेखर आजाद के जन्मदिवस पर नर सेवा नारायण सेवा के बैनर तले आज गरीब बच्चों के बीच पाठ्य पुस्तक की सामग्रियों का भी वितरण किया गया। समाजसेवी प्रकाश चंद्र रुंगटा ने कहां चंद्रशेखर आजाद ने भारत माता को ही अपनी मां अपना घर अपनी प्रेरणा मानते हुए अपने जीवन को भारत माता पर कुर्बान कर




दिया। आजादी के लिए अपने आप को न्योछावर कर दिया। हमें उनसे यह सीख लेनी चाहिए , उनके नक्शे कदम पर देश भक्ति का जज्बा पैदा करना चाहिए और उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी जब हम उनके कहे रास्ते पर चलें।कार्यक्रम के दौरान प्रकाश चंद्र रुंगटा, आनंद मिश्रा, पंकज सिंह, विनोद सिन्हा, गौतम जयसवाल, अश्विनी जोशी, प्रदीप जैन, रोशनी सिंह, प्रीति शेखर, श्वेता सिंह, समाजसेवी सुमन सिंह के अलावे दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आर एस एस गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी अकैडमी के बच्चों ने सीबीएसई की परीक्षा में लहराया अपना परचम

**दैनिक समाज जागरण सिकंदरपुर,बलिया**

सिकंदरपुर,बलिया।क्षेत्र के जमालपुर कटघरा बंसी बाजार में स्थित आर एस एस गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी अकैडमी के छात्र एवं छात्राओं का सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन बारहवीं एवं दसवीं का परिणाम रहा सत प्रतिशत।शत प्रतिशत परिणाम रहने से विद्यार्थी से लेकर अभिभावक और शिक्षक से लेकर स्कूल प्रबंधन तक खुशी से झूम उठे।कक्षा दसवीं से विद्यालय के कुमारी आंचल 98.67% अंक हासिल करके विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया है। विकास गुप्ता का 95.6% अंको के साथ दूसरा स्थान मिला है। रीनी सिंह 95% अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया हैं। विशेष सिंह 92.6%अंक हासिल किए। सौम्या आनंद 91%अंक, दीपमाला वर्मा 90%, आयुष गिरी 90.5%, ऋषि राज सिंह



88%, आकांक्षा सिंह 85%, आस्था राय 83% के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की।12वीं से विद्यालय के सलोनी भारद्वाज 95% सिमरन सिंह 93% सलिनी 88%अंको के साथ उत्तीर्ण की है।शत प्रतिशत परिणाम पर विद्यालय के प्रबंधक माननीय श्री जय प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह एवं प्रधानाचार्य श्री विजय कुमार गुप्ता जी ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में आप उत्कृष्ट प्रदर्शन करके अपने विद्यालय तथा गुरुजनों का एवं अभिभावकों का नाम रोशन करें। उप प्रधानाचार्य श्री विनोद कुमार दुबे जी द्वारा 10वीं और 12वीं के समस्त बच्चों अभिभावकों को बधाई दिया गया तथा भविष्य में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई ।इस अवसर पर विद्यालय के परीक्षा प्रभारी सुदर्शन सिंह प्रशासनिक प्रभारी श्री अजीत यादव एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

